TNF® TODAY

# टीएनएफ टुडे

थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday | tnftoday

www.tnftoday.com / epaper | Trial Edition | संस्कार भारती करेगी कला गुरुओं का सम्मान (पेज-3) | पृष्ठ- 08 | वर्ष-01 अंक-25 | मूल्य ₹7 | शुक्रवार | दिनांक- 24.07.2026


## बर्दाश्त नहीं की जाएगी जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही: सीएम योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार सबकी समस्या का समाधान कराने को प्रतिबद्ध है। गंभीर बीमारियों के इलाज में सरकार भरपूर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए शीघ्रता से समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। साथ ही चेताया भी कि जन समस्याओं के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी ने अधिकारियों से कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी शीघ्रता से सहायता की जानी चाहिए। उन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पारिवारिक विवादों के समाधान के लिए पहले परस्पर संवाद और फिर विधिक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि जनता की समस्याओं का निस्तारण तत्परता, पारदर्शिता और संवेदनशीलता से किया जाए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक होना चाहिए।

# भावना एस्टेट परिसर से गूंजा जनकपुरी महोत्सव का शंखनाद

## अशोक कुमार गोयल बने राजा जनक और लता गोयल निभाएंगी रानी सुनयना का दायित्व

- रामलीला आयोजन समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने किया केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

टीएनएफ टुडे, आगरा।

गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-पूजन से भावना एस्टेट परिसर सुखद अनुभूति से आंनदित हो गया। जनकपुरी महोत्सव के अलौकिक स्वरूप की परिकल्पना से हर हृदय प्रफुल्लित हो गया। श्रीराम और सीता माता के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया।

सुअवसर था कि उत्तर भारत की ऐतिहासिक और भव्य धार्मिक आयोजनों में शामिल श्री जनकपुरी महोत्सव के विधिवत श्रीगणेश का। भावना एस्टेट आवासीय परिसर में स्थित क्लब हाउस में महोत्सव के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर एकेजी ग्रुप के मुखिया अशोक कुमार गोयल को राजा जनक तथा उनकी धर्मपत्नी लता गोयल को रानी सुनयना के स्वरूप के रूप में उद्घोषित किया गया। आयोजन को ऐतिहासिक, दिव्य और भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया गया।

वैदिक रीति के अनुसार, जनकपुरी महोत्सव समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार (राजू यादव) ने पत्नी अनीता यादव के साथ हवन पूर्ण किया।

इसके पश्चात श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने फीता काटकर जनकपुरी महोत्सव 2026 के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया। जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति 2026 के अध्यक्ष राजीव कुमार (राजू यादव) ने अत्यंत हर्ष एवं गौरव के साथ घोषणा की कि जनकपुरी महोत्सव 2026 में राजा जनक का स्वरूप अशोक कुमार गोयल तथा रानी सुनयना का स्वरूप लता गोयल निभाएंगी।

कार्यक्रम में पूर्व घोषित राजा दशरथ के स्वरूप संजय सिंघल, रानी कौशल्या के स्वरूप नीता सिंघल, उनके पुत्र एवं पुत्रवधु रजत सिंघल एवं निमिषा सिंघल एवं मोनिका जौहरी, अजय कुमार गर्ग (अवागढ़) विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### महोत्सव की प्रथम कार्यकारिणी की घोषणा

जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति 2026 के अध्यक्ष राजीव कुमार ने महोत्सव की प्रथम कार्यकारिणी की घोषणा की। इनमें मार्गदर्शक के रूप में भगत सिंह बघेल, डॉ. ए के सिंह एवं अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य संरक्षक संतोष कटारा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय गोयल (पूर्व अध्यक्ष, नेशनल चेम्बर, आगरा), मुख्य संयोजक मनोज बंसल (अध्यक्ष, नेशनल चेम्बर, आगरा), मुख्य समन्वयक धर्मेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अंकुश मित्तल, महामंत्री मनोज जादौन, कोषाध्यक्ष आकाश गोयल ग्वाला, एवं मीडिया प्रभारी के रूप में राणा सुशील सिंह तथा स्वागताध्यक्ष के रूप में अरविन्द शर्मा को दायित्व सौंपा गया।



भावना एस्टेट में जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में राजा जनक और रानी सुनैना के स्वरूप अशोक कुमार गोयल और लता गोयल को पुष्पगुच्छ भेंट करते विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल। साथ हैं नेशनल चैम्बर अध्यक्ष मनोज बंसल।

### वैदेही का कन्यादान करना सबसे बड़ा सौभाग्य: अशोक कुमार गोयल

राजा जनक के स्वरूप की घोषणा होने के बाद अशोक कुमार गोयल और उनकी धर्मपत्नी लता गोयल भावुक हो उठे। अशोक कुमार गोयल ने कहा कि माता जानकी के पिता के रूप में कन्यादान करने का अवसर मिलना उनके जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि यह प्रभु श्रीराम और माता जानकी की असीम कृपा है। मूल रूप से रावतपाड़ा और वर्तमान में नेहरू नगर निवासी एवं शहर के प्रतिष्ठित रियल एस्टेट उद्यमी अशोक कुमार गोयल ने बताया कि उनके परिवार में दो पुत्र शोभित गोयल और मोहित गोयल, पुत्री अनुप्रिया गोयल (कंपनी सेक्रेटरी), पुत्रवधुएं स्मृति एवं रिनी, तथा नाती-पोते खुश, अवंतिका, अनाया और वेदा हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पुत्री का विवाह अभी होना शेष है, उससे पहले माता जानकी के पिता बनने का सौभाग्य मिलना ईश्वर की विशेष कृपा और विधाता का अद्भुत विधान है।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जनकपुरी महोत्सव आयोजन समिति 2026 की ओर से राजा सिंह चौहान, जी.पी. सिंह, रामचंद्र राणा, आर.डी. सारस्वत, नीरज मिश्रा, अरुण गुप्ता, दीपक माहेश्वरी, नरेंद्र शर्मा, धीरज कुमार शर्मा, लोकेंद्र कुमार संत, नरेंद्र सेंगर, अनुज, जी.पी. अग्रवाल, विश्वनाथ जुनेजा, निमित्त पोरवाल, अखिलेश दुबे, डॉ. गजेंद्र सिंह तोमर, नरेश सिंह जादौन, ऋषि खंडेलवाल, प्रभाकर शर्मा, सत्यवीर सिंह, अभिनव (शिवा) यादव, ठाकुर सतीश जादौन, क्षेत्रीय पार्षद वेद प्रकाश गोस्वामी, साहूकार उपाध्याय, राजकुमार खत्री, डॉ. शीतल अग्रवाल, सचिन जैन, तिलक राज अरोड़ा, सुनील पाठक, डॉ. अनुराधा चौहान, भोले शंकर चौहान, बृजभूषण मिश्रा, हेमंत जादौन सहित श्री रामलीला कमेटी के महामंत्री राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ताराचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल पोली भाई, मुकेश जौहरी, विजय गोयल, संजय तिवारी, जगदीश बागला, अंजुल बंसल (कोऑर्डिनेटर), रमेश शर्मा (उपमंत्री), महेश अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल (सहायक मंत्री), राहुल गौतम (मीडिया प्रभारी) एवं आनंद मंगल (कोऑर्डिनेटर) आदि उपस्थित रहे।

# गोवर्धन मुड़िया पूर्णिमा मेला शुरू, योगी सरकार ने किए भव्य इंतजाम

## 23 से 30 जुलाई तक चलेगा मेला, लगभग दो करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद





- अभेद्य सुरक्षा के लिए 9 सुपर जोन में बंटा मेला क्षेत्र, 24 घंटे सीसीटीवी से निगरानी
- सुगम आवागमन के लिए 1100 बसें, 6 विशेष ट्रेनें और 61 पार्किंग स्थल बनाए गए
- गोवर्धन में योगी सरकार ने परिक्रमा मार्ग और प्रमुख कुंडों का किया कायाकल्प

टीएनएफ टुडे, मथुरा।

धार्मिक आस्था और अटूट भक्ति का प्रतीक गोवर्धन का विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला गुरुवार से अत्यंत भव्यता के साथ शुरू हो गया है। 23 से 30 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस महामेले में इस वर्ष पिछले साल का भी रिकॉर्ड टूटने और करीब दो करोड़ श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री योगी सरकार ने देश- विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सहूलियत के लिए बड़े पैमाने पर अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं।

### परिक्रमा मार्ग में गूंजे 'राधे-राधे' के स्वर

मेला शुरू होते ही गोवर्धन की ओर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ने लगा है। सप्तकोसीय परिक्रमा मार्ग पर हर तरफ 'राधे-राधे' के स्वर और 'गिरिराज धरण' के जयकारे गूंज रहे हैं। उमस और तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की अगाध आस्था भारी पड़ रही है। भक्त दानघाटी पहुंचकर गिरिराज जी की पूजा-अर्चना और दुग्धाभिषेक कर अपनी 21 किलोमीटर लंबी परिक्रमा शुरू कर रहे हैं। परिक्रमार्थियों को गर्मी से राहत देने के लिए मानसी गंगा पर फव्वारे भी लगाए गए हैं।

### 9 सुपर जोन और 62 सेक्टर में बंटा मेला

योगी सरकार के सख्त निर्देशों पर पुलिस और प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 9 सुपर जोन, 21 जोन और 62 सेक्टर में बांटा गया है। किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए हर सेक्टर में अधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूरे मेला क्षेत्र में चार हजार से अधिक पुलिसकर्मी मुस्तैद हैं और भीड़ नियंत्रण के लिए 150 बैरियर लगाए गए हैं। इसके अलावा, 6 स्थाई और 37 अस्थाई पुलिस चौकियां बनाई गई हैं।

### सीसीटीवी से 24 घंटे निगरानी

मेले की सुरक्षा और व्यवस्थाओं को पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का सहारा लिया जा रहा है। भीड़ पर लगातार नजर रखने के लिए 31 स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं और पूरे मेला क्षेत्र में 183 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों के जरिए कंट्रोल रूम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। इसके अतिरिक्त, श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं, दिशा-निर्देश और यातायात संबंधी जानकारी देने के लिए 350 पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार लगातार व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं।

### मनमोहक रोशनी से सजे मंदिर

मेले की रौनक बढ़ाने के लिए प्रमुख दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद मंदिर और जतीपुरा मुखारविंद मंदिर को दूधिया रोशनी और रंग- बिरंगी झालरों से बेहद आकर्षक ढंग से सजाया गया है, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है।

### गोवर्धन परिक्रमा का पौराणिक महत्व

पौराणिक कथाओं के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठाया था, तभी से इसे 'गिरिराज जी' के नाम से पूजा जाता है। मान्यता है कि 21 किलोमीटर की इस पवित्र परिक्रमा को करने से जीवन के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### पर्यटन सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार

इस अपार जन आस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योगी सरकार ने बीते 9 वर्षों में गोवर्धन में विकास कार्यों और पर्यटन सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार किया है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से संपूर्ण परिक्रमा मार्ग का सुंदरीकरण, सड़कों का चौड़ीकरण और अतिक्रमण मुक्त मार्ग सुनिश्चित किया गया है। कुसुम सरोवर का जीर्णोद्धार कर वहां आकर्षक लेजर शो की शुरूआत की गई है, मानसी गंगा के घाटों का कायाकल्प हुआ है और जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक विश्रामालय, पेयजल व्यवस्था और हाई-टेक शौचालय बनाए गए हैं। योगी सरकार के निरंतर प्रयासों ने गोवर्धन को एक विश्वस्तरीय और सुगम तीर्थ स्थल के रूप में स्थापित कर दिया है।

### आवागमन की बेहतर सुविधा

श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने के लिए 61 स्थानों पर पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। परिवहन की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा 23 से 31 जुलाई तक 6 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ ही मथुरा जंक्शन पर आधा दर्जन ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव सुनिश्चित किया गया है और प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गए हैं। उत्तर प्रदेश रोडवेज ने भी 1100 बसों का संचालन शुरू किया है, जिनमें 100 बसें आगरा में रिजर्व रखा गया है।

### 24 घंटे मिलेगी स्वास्थ्य सुविधा

स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सा व्यवस्था को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। गोवर्धन और आसपास के प्रमुख स्थलों पर 23 अस्थायी चिकित्सा केंद्रों पर 50 से अधिक टीमें तैनात की गई हैं, जो दो पालियों सुबह 8 से रात 8 और रात 8 से सुबह 8 में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं देंगी।

# आगरा में बैराज निर्माण का मुद्दा फिर उठा

## सांसद राजकुमार चाहर ने संसद में रखी अपनी बात



टीएनएफ टुडे, आगरा।

संसद में सांसद राजकुमार चाहर द्वारा नियम 377 के अंतर्गत यमुना नदी के ऊपरी अथवा निचले प्रवाह क्षेत्र में किसी उपयुक्त स्थान पर एक बैराज के निर्माण का मुद्दा उठाया गया। आगरा जनपद अपनी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन की दृष्टि से विश्वभर में प्रसिद्ध है। किन्तु आगरा एवं उ स ा के आसपास के क्षेत्रों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है, जिससे पेयजल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है। किसानों को सिंचाई के लिए भी गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। भूजल के अत्यधिक दोहन तथा यमुना नदी में पर्याप्त जल प्रवाह न होने के कारण भविष्य में इस क्षेत्र में जल संकट और अधिक गंभीर होने की आशंका है। ऐसी परिस्थितियों में आवश्यक है कि आगरा में यमुना नदी के ऊपरी अथवा निचले प्रवाह क्षेत्र में किसी उपयुक्त स्थान पर एक बैराज का निर्माण कराया जाए। प्रस्तावित बैराज के निर्माण से वर्षभर जल का भंडारण सुनिश्चित होगा। भूजल पुनर्भरण (ग्राउंड वाटर रिचार्ज) को बढ़ावा मिलेगा। गिरते हुए भूजल स्तर में सुधार होगा तथा पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल का एक स्थायी स्रोत उपलब्ध हो सकेगा। इसके अतिरिक्त, यह परियोजना यमुना नदी के पारिस्थितिक संतुलन को पुनर्स्थापित करने, ताजमहल एवं अन्य ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण में सहयोग देने तथा पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राजकुमार चाहर ने भारत सरकार से अनुरोध किया कि आगरा में यमुना नदी पर उपयुक्त स्थान पर बैराज के निर्माण हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कराया जाए। इस महत्वपूर्ण परियोजना को शीघ्र स्वीकृति प्रदान की जाए।

## सलमान ने की छात्रों से घर वापस लौटने की अपील

एजेंसी, नई दिल्ली।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे सीजेपी प्रोटेस्ट में जुटे छात्रों से बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान ने एक खास अपील की है। सलमान ने बुधवार के बाद गुरुवार को एक बार फिर नीट पेपर लीक मामले से जुड़ा ट्वीट किया।

इस ट्वीट में अभिनेता ने छात्रों और सोनम वांगचुक से खास अपील की। सलमान ने छात्रों से कहा कि वो निश्चिंत होकर घर वापस लौट जाएं, वहीं सोनम वांगचुक से अपील की कि वो अपना अनशन तोड़ दें।

ट्वीट कर सलमान ने क्या लिखा?

गुरुवार रात सलमान ने ट्वीट कर लिखा, 'पढ़ाई और सुरक्षा, दोनों ही मामलों में छात्र हमारी पहली प्राथमिकता हैं इसलिए उन्हें और उनके माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। माननीय प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया है और मुझे यकीन है कि वे इस पेपर लीक के लिए सभी जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। इसलिए छात्रों, प्लीज अपने माता-पिता के पास अपने घर लौट जाइए।'

# 'छात्र सड़क पर हैं तो हम भी उनके साथ'

## राहुल गांधी की बस यात्रा से गरमाई सियासत, गांधी स्मृति पहुंचा विपक्ष



एजेंसी, नई दिल्ली।

देश की राजधानी दिल्ली में नीट-यूजी पेपर लीक को लेकर सियासी तापमान और बढ़ गया है। गुरुवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में इंडिया गठबंधन के सांसद एकजुट होकर गांधी स्मृति पहुंचे। राहुल गांधी अपने सरकारी आवास से विपक्षी नेताओं के साथ एक बस में सवार होकर निकले। इस दौरान कांग्रेस, आरजेडी, सीपीआई(एम) समेत कई विपक्षी दलों के सांसद उनके साथ मौजूद रहे।

हालांकि, यात्रा शुरू होने से पहले कुछ देर के लिए तनाव की स्थिति बन गई। राहुल गांधी के आवास के बाहर दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी और बस को आगे बढ़ने से रोक दिया। कुछ मिनट तक चली बातचीत के बाद पुलिस ने रास्ता खोल दिया, जिसके बाद विपक्षी नेताओं का काफिला गांधी स्मृति के लिए रवाना हो गया।

रवाना होने से पहले राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र अपने भविष्य को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, ऐसे में विपक्ष का कर्तव्य है कि वह उनके साथ खड़ा रहे। उन्होंने कहा, 'हम पहले इंडिया गेट जाना चाहते थे, लेकिन हमें अनुमति नहीं दी गई। इसके बाद हमने गांधी स्मृति जाने का फैसला किया, वहां भी हमें कुछ देर रोका गया। हमारा सबसे बड़ा संदेश देश के छात्रों के लिए है कि हम आपके साथ हैं और आपकी आवाज संसद से लेकर सड़क तक उठाएंगे।'

### पहले हुई रणनीति बैठक, फिर निकला विपक्ष का काफिला

गांधी स्मृति मार्च से पहले राहुल गांधी ने अपने आवास पर विपक्षी सांसदों की बैठक बुलाई थी। बैठक में नीट पेपर लीक, संसद में सरकार को घेरने की रणनीति और छात्रों के समर्थन में संयुक्त कार्यक्रम पर चर्चा हुई। इसके बाद सभी नेताओं ने एक साथ बस से गांधी स्मृति जाने का फैसला किया। बैठक की जानकारी मिलते ही दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी। इलाके में बैरिकेडिंग कर दी गई और बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ भी आवास के बाहर जुटने लगी।

गांव की सरकार

# ग्रामीणों ने बनाया प्रधान तो जनसुविधाएं देकर अदा कर दिया हक

ग्राम पंचायत : गुबरौठ
विकासखंड : फतेहाबाद
कुल मतदाता: लगभग 2800
कुल आबादी: लगभग 5500
ग्राम प्रधान : शैतान सिंह गुर्जर
निवासी- बाबरपुर
राजनीतिक सफर: 7 वर्ष
शैक्षिक योग्यता: 10वीं पास
व्यवसाय: कृषि
विशेष पहचान: सहकारी समिति के डायरेक्टर, न्याय पंचायत तिवाहा रहे हैं।

## प्रधानी में किए गए 5 बड़े विकास कार्य

- नवनिर्मित पंचायत भवन
- ग्राम पंचायत में कीचड़ भरे रास्तों पर आरसीसी सड़क निर्माण कार्य
- 250 के करीब शौचालयों का निर्माण
- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत विधवा व विकलांग सहित आवास
- आरआरसी सेंटर, फिल्टर चैंबर बनवाए गए।
- ग्राम पंचायत में विद्यालयों की स्थिति ठीक है। लेकिन चिकित्सा केंद्र खंडहर है। इसकी मरम्मत के लिए प्रधान द्वारा अधिकारियों से कई बार मांग उठाई गई है।

### कीचड़ भरे थे रास्ते

ग्राम प्रधान शैतान सिंह बताते हैं कि ब प्रधान का कार्यभार संभाला तब ग्राम पंचायत में प्रमुख मार्गों पर कीचड़ रहता था। सबसे पहले ग्राम पंचायत के रास्तों की खस्ता हालत को सुधार कराया गया और नए मार्ग भी बनवाए।

### समस्या समाधान को अड़ गए अधिकारियों से

प्रधान शैतान सिंह ने ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं को अधिकारियों के समझ उठाया। जिसमें 250 के करीब शौचालय ग्राम पंचायत में बनवाए गए। करीब 50 लोगों की नई पेंशन चालू कराई गई। गांव पुरा हरिकिशन में मरजीना का आवास बनवाया गया जो कि किसी भी पूर्व प्रधान द्वारा अभी तक नहीं बनवाया गया। इसके अलावा गुबरौठ में सात आवास विधवा, विकलांग, गरीबी रेखा सहित बनवाये गये है,। वहीं रूदिवारी में दो आवास एक विकलांग, एक आवास विधवा बनवाए गए। खरगपुरा में चार आवास दो विधवा, दो विकलांग बनवाये गये वहीं गटट्पुरा में दो आवास बनवाए गए। वहीं बाबरपुर में दो आवास एक विधवा, एक विकलांग बनवाए गए। इस प्रकार कुल 18 आवास ग्राम पंचायत में बनवाए गए हैं।


शैतान सिंह गुर्जर, ग्राम प्रधान

### फिर मौका मिला तो बरातघर का सपना पूरा करूंगा: शैतान सिंह

प्रधान शैतान सिंह बताते हैं कि ग्राम पंचायत में बारातघर बनवाने का मन था लेकिन ग्राम पंचायत में जगह न होने के कारण पूरा ना हो सका आगे बारातघर बनवाने का पूरा प्रयास रहेगा। अपनी ग्रामसभा में गौशाला बनवाने की भी मांग अधिकारियों के समक्ष उठाई गई थी। अगली बार में गौशाला बनवाने का भी पूरा प्रयास रहेगा जिससे बेसहारा गौवंश घूम रहे उनको एक सुरक्षित स्थान मिल सके ऐसा प्रयास रहेगा।

### कई विद्यालयों का कराया कायाकल्प

ग्राम प्रधान शैतान सिंह द्वारा प्राथमिक विद्यालय गुबरौठ, गट्टपुरा, खरगपुरा ,बाबरपुर के विद्यालयों में कायाकल्प के जरिये विकलांग शौचालय व अन्य शौचालय बनवाए गए हैं। सरकारी विद्यालय गुबरौठ और बाबरपुर में वॉटर रैन हार्वेस्टिंग के चैंबर बनवाए गए हैं। आठ रीबोरिंग ग्राम प्रधान के द्वारा करवाए गए। वहीं एक आरआरसी सेंटर, दो फिल्टर चैंबर, 14 गड्ढे सोख्ता , पांच खाद के गड्ढे बनवाए गए हैं। ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का नवनिर्माण कराया जिस पर आकर पंचायत सहायक बैठते हैं। समय-समय पर लेखपाल, कानूनगो सहित अन्य विकासखंड के अधिकारियों को समस्या के समाधान हेतु बुलाया जाता है।

# एसडीएम से की अवैध वसूली की शिकायत

- सीएमओ ने टीम गठित कर दिए जांच के आदेश

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद में स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यशैली को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। प्रसव के नाम पर सुविधा शुल्क मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिजन ने उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा से मामले की शिकायत की गई है। स्टाफ नर्स पर डिलीवरी के नाम पर अवैध वसूली करने, रुपए पूरे न मिलने पर डिस्चार्ज पर्चा व दवा रोकने तथा परिजनों के साथ धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर एसडीएम ने जांच के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुवार को तहसील फतेहाबाद क्षेत्र के ग्राम बरीपुरा निवासी हरीशंकर पुत्र इमित्तालाल ने उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा को शिकायत पत्र देकर बताया कि 18 जुलाई को अपनी गर्भवती पत्नी अंजली को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी फतेहाबाद में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि अस्पताल की स्टाफ नर्स ने प्रसव के नाम पर 2,000 रुपए की मांग की। पीड़ित ने जैसे-तैसे 1,800 रुपए जमा करा दिए, लेकिन 200 रुपए बकाया रहने पर स्टाफ नर्स ने मरीज को मिलने वाली दवाइयां और छुट्टी का पर्चा देने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर पीड़ित की वृद्ध मां को हाथ पकड़कर अस्पताल से बाहर निकाल दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने अपने गांव की आशा कार्यकत्री रेखा देवी को प्रसव की छुट्टी का पर्चा लाने भेजा तो उनके साथ भी अभद्रता व धक्का-मुक्की की गई। आरोप है कि गुरुवार को मामले को दबाने और आशा के खिलाफ बयान दिलवाने के इरादे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहाबाद से जुड़े कर्मियों ने उनके पिता को शराब पिलाकर और प्रलोभन देकर एक फर्जी वीडियो भी तैयार करवाया गया है। शिकायत पर उपजिलाधिकारी फतेहाबाद में नायब तहसीलदार फतेहाबाद को जांच के आदेश दिए हैं।

सीएमओ आगरा डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि जांच टीम गठित की गई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# पर्यटन विभाग के गाइड से गाली-गलौज

**फतेहपुर सीकरी (आगरा)।** फतेहपुर सीकरी स्थित गुलिस्तान पार्किंग परिसर में पर्यटन विभाग के गाइड मोहम्मद शरीफ के साथ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित गाइड मोहम्मद शरीफ की तहरीर पर मॉरिश पुत्र चांद, निवासी मोहल्ला न्यायाबांस, फतेहपुर सीकरी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोप है कि आरोपी ने गुलिस्तान पार्किंग परिसर में गाइड के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली-गलौज की और धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के दौरान साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएचसी निबोहरा में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल

ग्रामीणों का आरोप महीने में 2-3 दिन आते हैं डॉक्टर



टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निबोहरा की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र के प्रभारी चिकित्सक महीने में केवल 2-3 दिन ही आते हैं। डॉक्टर की अनुपस्थिति में अस्पताल फार्मासिस्ट के भरोसे चल रहा है, जो मरीजों को परामर्श देने से लेकर दवा बांटने तक का काम करते हैं। अस्पताल परिसर में गंदगी फैली होने महीनों से सफाई न होने का भी आरोप लगाया गया है।

आरोप है कि ग्रामीणों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए कस्बा सहित अन्य स्थानों पर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों की सूचना पर भारतीय किसान यूनियन चौधरी चरण सिंह के जिला प्रवक्ता प्रदीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। और मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा से फोन पर वार्ता कर शिकायत दर्ज कराई गई। जिस पर सीएमओ ने जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान रोहित सिंह, ग्राम प्रधान दिमान सिंह,धीरेंद्र सिंह, होतम सिंह, ऊषा देवी सहित आदि रहे। भाकियू ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार और दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं हुई, तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

# पेपर लीक पर फास्ट ट्रैक कोर्ट का फैसला स्वागतयोग्य: केके भारद्वाज

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भाजपा नेता केके भारद्वाज ने नीट पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए केंद्र सरकार द्वारा फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि यह छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या का समाधान केवल राजनीतिक विरोध से नहीं, बल्कि दोषियों को त्वरित और कठोर सजा दिलाने से होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेगी। पेपर लीक में शामिल संगठित गिरोहों, बिचौलियों और यदि किसी कोचिंग संस्थान की संलिप्तता सामने आती है तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। केके भारद्वाज ने विपक्ष से अपील की कि वह इस संवेदनशील विषय पर राजनीति करने के बजाय लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से अपनी बात रखे। विपक्ष के नेता राहुल गांधी वर्तमान सरकार पर आरोप लगाने के बजाय यह बताएं कि उनके शासन काल में हुए पेपर लीक मामलों में क्या कार्यवाही की गई थी। उन मामलों की जिम्मेदारी किसकी थी। और कितने लोगों के खिलाफ कार्यवाही हुई थी। भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से दोषियों को शीघ्र दंड मिलने से भविष्य में ऐसे अपराधों पर अंकुश लगेगा और छात्रों का परीक्षा व्यवस्था पर विश्वास और मजबूत होगा।

# विधायक का घेराव करने निकले सपाइयों को रोका

टीएनएफ टुडे, आगरा।



भाजपा और समाजवादी पार्टी के बीच राजनीतिक टकराव गुरुवार को खुलकर सड़क पर दिखाई दिया। भाजपा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल की सोशल मीडिया पोस्ट के विरोध में उनके आवास का घेराव करने निकले समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस ने पहले ही रोक दिया। कमला नगर क्षेत्र में सपा नेता नितिन कोहली के घर के बाहर भारी पुलिस बल तैनात कर इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। सभी प्रमुख रास्तों पर बैरिकेडिंग लगाकर कार्यकताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया गया। दोपहर करीब 1:30 बजे सपा नेता नितिन कोहली के आवास पर पार्टी के शहर अध्यक्ष शब्बीर अब्बास, राहुल चतुर्वेदी, राजपाल यादव सहित बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां से सभी भाजपा विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल के आवास की ओर कूच करने वाले थे, लेकिन पुलिस पहले से पूरी तैयारी के साथ मौजूद थी। बैरिकेडिंग हटाने को लेकर सपा कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। स्थिति को देखते हुए एडीसीपी हिमांशु गौरव मौके पर पहुंचे। उन्होंने सपा नेताओं से बातचीत की और उनकी शिकायत सुनते हुए ज्ञापन व तहरीर मौके पर ही प्राप्त की। सपा नेताओं का आरोप है कि भाजपा लगातार सपा को बदनाम करने की राजनीति करती रही है। अधिकारियों का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए और पूरे घटनाक्रम के दौरान स्थिति नियंत्रण में रही।

# ट्रांसफार्मर से तेल और कॉपर चोरी

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना डौकी क्षेत्र में गांव कौलारी में खेत पर लगे ट्यूबल के ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर तेल, कॉपर केबिल चोरी, सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामवीर पुत्र लेखराज निवासी कौलारी थाना डौकी ने बताया कि खेतों पर ट्यूबेल लगा है बुधवार की रात्रि अज्ञात चोर ट्रांसफार्मर को नीचे गिराकर उसमें से तेल व कॉपर व विद्युत केबिल चुरा ले गए हैं। घटना की जानकारी सुबह भाई खेतों पर चारा लेने गए थे तभी उन्हें खेत में विद्युत ट्रांसफार्मर और उसके पुर्जे पड़े हुए मिले थे जिसकी जानकारी पुलिस को दी गई है। जानकारी पर पहुंची पुलिस अज्ञात चोरों के तलाश कर रही है।

श्याम से जिसका सम्बंध है, उसको हर घड़ी आनन्द है...

# श्रीमद्भागवत कथा में पूज्यश्री जया किशोरी को सुनने उमड़ी भीड़

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सत्य वह है, जो कभी न बदले। हर परिस्थिति में अडिग रहे। और ऐसा सिर्फ ईश्वर है। संसार दिखता है मगर झूठा है। ईश्वर दिखते नहीं परन्तु सत्य है। हमेशा सत्य (ईश्वर) का आसरा ले जो धोखा न दे और साथ न छोड़े। श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम श्लोक में ही वेद व्यास जी ने ईश्वर के तीन स्वरूप बताए हैं। सत्य, चित्त और आनन्द। असली आनन्द वह है जो जीवन भर रहे। गृहस्थ जीवन में हैं तो जीवन के सभी आनन्द लो परन्तु ईश्वर को मत भूलो। ईश्वर से प्रेम वो आनन्द है जो सिर्फ ईश्वर के पास होने पर भी खुश रखता है। अन्यथा व्यक्ति सोना चांदी और हजारों की भीड़ में भी सुख नहीं।

फतेहाबाद रोड स्थित राजदेवम में श्रीश्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पूज्य श्रीजया किशोरी ने व्यास पीठ पर बैठकर मृतमयी कथा का पान करवाया। गोविन्द बोलो हरि गोपाल बोलो..., श्याम प्यारे से जिसका सम्बंध है, उसे हर घड़ी आनन्द ही आनन्द है..., पार्वती बोली भोले से ऐसा महल बना देना, जो भी देखे वो बोले क्या कहना भई क्या कहना... जैसे भजनों पर उपस्थित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन झूमे तो भक्ति और श्रद्धा की गंगा बहती नजर आयी। उन्होंने कहा कि सबसे कीमती प्रेम है। सोना चांदी, महंगी चीजें जो सबके पास हों कीमती नहीं हो सकती। कीमती वह है जो किसी के पास न हो। परन्तु कीमत उस प्रेम की है जो बार बार न बदले और जिसमें स्वार्थ न हो। नारी शक्ति पर बोलते हुए कहा कि समझदार महिला वह है जिसे पता हो कि कब उसे लक्ष्मी बनना है, कब सरस्वती और कब दुर्गा और काली। परन्तु गलत समय पर इन रूपों का अनुसरण भी दिक्कत पैदा कर सकता है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य यजमान राजकुमार गुप्ता, राधा गुप्ता, आयोजन समिति के विकास मांगलिक, अनिल कुमार गुप्ता, विनीत मांगलिक, ऋषिक मांगलिक, अर्पित गुप्ता, आलोक अग्रवाल, संजय गुप्ता, मीतेश मित्तल, ऋषभ प्रताप, मोंटू भार्गव, संतोष शर्मा, रेखा गुप्ता, जयश्री मांगलिक, अंजू मांगलिक, तनु मांगलिक, आकांक्षा गुप्ता, अनीता गुप्ता, साक्षी गुप्ता, अर्चना गुप्ता, रेनू आदि उपस्थित थीं।

### कथा सुनकर भूल जाना नहीं चलेगा

कथा वाचक पूज्यश्री जया किशोरी ने कथा के प्रारमभ में भक्तों से कहा कि हर रोज कथा सुनकर भूल जाना नहीं चलेगा। जो कथा सुनो घर जाकर उस पर चिन्तन करो। अगले दिन कथा प्रारम्भ करने से पहले पिछले दिन की कथा से सम्बंधित प्रश्न पूछे जाएंगे। ऐसा इसलिए कि व्यक्ति सिर्फ कथा सुने नहीं बल्कि उसे जीवन में अमल करें। हजार गलतियां करो परन्तु एक गलती को दोबारा मत दोहराओ।



### गोवर्धन परिक्रमा को पैदल निकले श्रद्धालुओं का स्वागत

**खेरागढ़।** मुड़िया पूर्णिमा पर गोवर्धन परिक्रमा के लिए मध्य प्रदेश के मुरैना जिले से पैदल निकले श्रद्धालुओं की टोलियां बुधवार को खेरागढ़ पहुंचीं। कस्बे में विभिन्न स्थानों पर भंडारे लगाकर भोजन, चाय, नाश्ता, पेयजल और विश्राम की व्यवस्था की गई। श्रद्धालु मुरैना, धौलपुर, खेरागढ़, अछनेरा होते हुए गोवर्धन के लिए रवाना हुए। भरत सिंह ने बताया कि वे तीन दशक से लगातार परिक्रमा को आते हैं। कई अन्य श्रद्धालुओं ने बताया कि वे वर्षों से हर मुड़िया पूर्णिमा पर पैदल गोवर्धन परिक्रमा के लिए आते हैं। यात्रियों के चेहरे पर आस्था और गोवर्धन पहुंचने का उत्साह साफ नजर आया।

### हेमकुंड साहिब के लिए जत्था रवाना, गुरुद्वारा गुरु का ताल से हुई शुरूआत



**आगरा।** सुखमनी सेवा सभा द्वारा हर साल की तरह इस साल भी पावन श्री हेमकुंड साहिब जी की यात्रा का शुभारंभ 23 जुलाई को गुरुद्वारा गुरु का ताल से अरदास करके हुआ। करीब 70 लोगों का जत्था गुरु महाराज का शुकराना करते हुए वीर महेंद्र पाल सिंह सरदार गुरमीत सिंह सेठी की अगुवाई में रवाना हुआ। जत्थे की तरफ से यह करीब 15वीं यात्रा है सारी संगत ने मिलकर गुरु महाराज का शुकराना किया। इस अवसर पर दुख निवारण गुरुद्वारा गुरु का ताल के संत बाबा प्रीतम सिंह ने अरदास करके सभी संगत को अपना आशीर्वाद दिया। यह यात्रा 29 तारीख को संपूर्ण होगी। अरदास में मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, गुरु सेवक श्याम भोजवानी, संजय जटाना, गुरदीप लूथरा, योगेश छठवानी, रेनू भाटिया, अरविन्द सिंह पप्पी, लकी सेतीया, बिट्टू चावला, बबलू भैया, परमजीत सिंह, राजू मकर, प्रथम सिंह भोजवानी, युवराज सिंह, मोहित व्यानी, गुरमुख भैया, विनोद रोचलानी आदि गणमान्य व्यक्तियों की सहभागिता है।

### बच्चों को रास्ते से हटने की कहने पर परिजनों ने पीटा

**फतेहाबाद।** थाना निबोहरा क्षेत्र में गुरुवार सुबह बच्चे को रास्ते से हटने की कहने पर युवक को बच्चे के परिजन ने पीटा गया, युवक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना निबोहरा क्षेत्र के गांव गढ़ी धर्मजीत निवासी शिवकुमार पुत्र हाकिम सिंह ने बताया गुरुवार सुबह सात बजे खेत से चरी लेकर घर जा रहा था। गांव में रास्ते में एक बच्चा खड़ा था, उससे रास्ते से हटने की कहने पर उसके परिजन गाली-गलौज करने लगे और मारपीट कर दी। इस दौरान शिवकुमार घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रोग नियंत्रण पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन




**आगरा।** नगर निगम आगरा के अंतर्गत मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट (एमएसयू) की तीन दिवसीय इंडक्शन ट्रेनिंग का समापन गुरुवार को होटल क्रिस्टल इन फतेहाबाद रोड आगरा में किया गया। ट्रेनिंग में विभिन्न बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण को लेकर चर्चा हुई। इस इंडक्शन ट्रेनिंग में एमएसयू आगरा व एमएसयू शिमला ने प्रतिभाग किया। ट्रेनिंग में में आईडीएसपी रोगों, आउटब्रेक इंवेस्टिगेशन एंड वन हेल्थ अप्रोच विषय पर चर्चा की गई। इसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र दिल्ली की जॉइंट डायरेक्टर डा. शुभांगी कुलसागे व अन्य ट्रेनर ने एमएसयू आगरा व शिमला की टीम को जानकारी देते हुए समझाया कि किस प्रकार बीमारियों का सर्विलांस किया जाता है। लखनऊ के स्टेट सर्विलांस ऑफिस से डॉ. निशांत भारद्वाज ने एमएसयू की टीम को सर्विलांस के बारे में अवगत कराया। इंडक्शन ट्रेनिंग की अध्यक्षता नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव वर्मा ने की। समापन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव, वन विभाग से जिला वन अधिकारी राकेश कुमार मीणा, कृषि विभाग से सचिन शर्मा, आपदा विभाग से शिवम कुमार, वेटरिनरी विभाग से उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एयरपोर्ट अथॉरिटी से मुख्य ऑपरेशन अधिकारी, खाद्य विभाग से चंद्र विजय सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक कुलदीप भारद्वाज, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. अमृता व जिला महिला चिकित्सालय से डॉ. सुनीता राठौर उपस्थित रहे। एमएसयू आगरा से डॉ. महिमा चतुर्वेदी, डॉ. राम विपुल शर्मा व पूरी एमएसयू टीम व एमएसयू शिमला से डॉ. अश्वनी व एमएसयू शिमला की पूरी टीम उपस्थित रही।

### नशे में पत्नी का गला घोंटा, मृत समझ मौके से भागा, अब जेल पहुंचा

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में पत्नी की हत्या के प्रयास के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को घटना के दो दिन बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी पर नशे में पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने और रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या की कोशिश का आरोप है। गंभीर रूप से घायल महिला का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जहां उसकी हालत अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की बहन ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने की कोशिश की। साथ ही पीड़िता के मायके पक्ष को भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां की शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि उनकी बेटी की शादी करीब 13 वर्ष पूर्व कालिंदी विहार निवासी सोनू तोमर से हुई थी। शादी के बाद से ही आरोपी शराब पीने का आदी था और आए दिन पत्नी के साथ मारपीट तथा उत्पीड़न करता था। ट्रांस यमुना थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। बुधवार को पुलिस ने 80 फुटा रोड स्थित कांशीराम कॉलोनी के पास घेराबंदी कर सोनू तोमर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। पीड़िता का उपचार अस्पताल में चल रहा है और उसकी चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### ठगी के शिकार युवक के खाते में लौटे रुपये

**खेरागढ़।** साइबर ठगी के मामले में समय पर की गई शिकायत ने पीड़ित को राहत दिला दी। थाना खेरागढ़ क्षेत्र निवासी अमरेश पुत्र आशाराम से 2 अप्रैल 2025 को फोनपे यूपीआई के माध्यम से 49 हजार रुपये की साइबर ठगी हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही खेरागढ़ पुलिस की साइबर टीम सक्रिय हो गई और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 तथा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने ठगी की रकम में से 10,255 रुपये विभिन्न बैंक खातों में होल्ड करा दिए। आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार को एनसीआरपी के एमआरएम पोर्टल के जरिए यह पूरी राशि पीड़ित के बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गई। रकम वापस मिलने पर पीड़ित ने खेरागढ़ पुलिस का आभार जताया। थाना प्रभारी हरीश शर्मा ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हों तो घबराने के बजाय तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करें या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से ठगी गई धनराशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

# संस्कार भारती करेगी कला गुरुओं का सम्मान

## केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल रहेंगे मौजूद

टीएनएफ टुडे, आगरा।



गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय कलाओं, संस्कृति तथा ज्ञान की वैश्विक पहचान रही है। यह सिलसिला यूँ ही चलता रहे। इस मनोभाव से संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कला एवं साहित्य को समर्पित अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती ब्रज प्रांत द्वारा संस्कार भारती, जिला आगरा के तत्वावधान में 26 जुलाई को दोपहर 1:30 बजे से बल्केश्वर स्थित सेंट एंड्रयूज स्कूल के सभागार में नटराज पूजन सँग 101 कला गुरुओं का सम्मान किया जाएगा। गुरुवार शाम यूथ हॉस्टल में समाजसेवी आयोजकों द्वारा जन जागरूकता के लिए समारोह का आकर्षक आमंत्रण पत्र विमोचन करके जारी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी व संस्कार भारती के पूर्व अखिल भारतीय साहित्य संयोजक राज बहादुर सिंह राज और प्रांतीय संयोजक व प्रांतीय कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह चौहान, ज्योति खंडेलवाल, वीरा सक्सेना और रोशनी गिडवानी के निर्देशन में 100 उभरते कलाकार गुरु वंदना, गुरु स्तुति और सरस्वती वंदना सहित भावपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। इन कार्यक्रमों द्वारा कला गुरुओं और कला साधकों के मध्य स्नेह, सम्मान और संवाद का सेतु बनाने का प्रयास रहेगा। जिलाध्यक्ष राम अवतार यादव और जिला महामंत्री यतेन्द्र सोलंकी ने बताया कि यह वृहद आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर संघ शताब्दी वर्ष मनाते हुए संस्कार भारती के आराध्य कलाओं के आदि गुरु नटराज के पूजन के साथ आरंभ होगा। जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि, राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र मुख्य वक्ता, समाजसेवी भूप सिंह इंदौलिया समारोह-अध्यक्ष और सेंट एंड्रयूज शिक्षा समूह के मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. गिरधर शर्मा स्वागताध्यक्ष की भूमिका का निर्वाह करेंगे। उन्होंने बताया कि समाज सेवी अधिवक्ता अमित जैन, पवन गुप्ता कैटर्स, मनीष अग्रवाल पायल वाले और अमित अग्रवाल विशिष्ट अतिथि की भूमिका का निर्वाह करेंगे। क्षेत्रीय विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, संस्कार भारती के अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य बांकेलाल गौड़, त्रिक्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय कुमार, अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष एडवोकेट सुभाष चंद्र अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष संजय गोयल, प्रांतीय महामंत्री नंदनंदन गर्ग, प्रांतीय संरक्षक एसके मिश्रा, रामकुमार अग्रवाल और जिला संरक्षक डॉ. पंकज नगायच का भी सान्निध्य रहेगा। पोस्टर विमोचन के दौरान प्रांतीय मंत्री डॉ. मनोज पचौरी, प्रांतीय साहित्य संयोजक डॉ. केशव शर्मा, प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रमुख इंजी. प्रखर अवस्थी, पवन कैटर्स, रक्षपाल सिंह परमार, संजय बघेल, डॉ. ममता बंसल, श्रीकृष्ण, राकेश निर्मल, अखिलेश श्रीवास्तव और संदीप जैन भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ने मनाया स्थापना दिवस

**आगरा।** फैमिली प्लानिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की आगरा ब्रांच ने अपना 77वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के जनरल मैनेजर व रीजनल लीड पराग दत्त शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संस्था के स्वयंसेवकों की निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और कार्य के गहरी प्रतिबद्धता के बल पर ही अपने 77वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने विशेष रूप से युवा स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में युवा स्वयंसेवकों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, आशा कार्यकताओं और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे अपनी स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण सेवाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति, शोषित, वंचित और अल्पसंख्यकों तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

## स्कूल चलो अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक भी किए



टीएनएफ टुडे, आगरा।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विकास खंड अकोला के प्राथमिक विद्यालय खेड़िया के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर शिक्षा के प्रति जनजागरण का संदेश दिया। रैली के दौरान बच्चों ने विभिन्न स्थानों पर आकर्षक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अभिभावकों से अपने बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने तथा नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पूजा शर्मा द्वारा नुक्कड़ नाटक का लेखन एवं निर्देशन किया गया। बच्चों ने अपने प्रभावशाली अभिनय के माध्यम से शिक्षा के महत्व, बालिका शिक्षा, नियमित उपस्थिति तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जैसे विषयों पर ग्रामीणों को जागरूक किया। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की ग्रामीणों ने सराहना करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का सरकारी विद्यालयों में नामांकन कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम प्रधान रामकुमार तथा पूर्व ग्राम प्रधान हरदौल सिंह ने विद्यालय में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण एवं शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकारी विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में सरकारी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने तथा शिक्षा के इस जन अभियान से जुड़ने का आह्वान किया।

स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम ने ग्रामीणों में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने की दिशा में एक प्रभावी पहल का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों पूजा शर्मा, पुष्पा अहिरवार, श्यामवीर सिंह, शालिनी सिंह, नेहा भदौरिया एवं दिनेश कुमार ने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया।



## किला पार्सल कार्यालय में बैठक आयोजित

टीएनएफ टुडे, आगरा।

मंडल रेल प्रबंधक आगरा गगन गोयल के निर्देशन में एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अंकित गुप्ता के नेतृत्व व सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) संजय गौतम के मार्गदर्शन में आगरा किला स्टेशन से पार्सल यातायात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगरा किला पार्सल कार्यालय में स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सभी व्यापारियों से पार्सल व्यवसाय को बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान व्यापारियों द्वारा पार्सल बुकिंग एवं परिवहन से संबंधित सुझाव एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया गया। व्यापारियों को भारतीय रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई जा रही पार्सल सेवाओं, उनकी विशेषताओं एवं सुविधाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक पार्सल यातायात रेलवे के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पार्सल व्यवसाय को बढ़ाने हेतु रेलवे एवं व्यापारियों के बीच निरंतर समन्वय बनाए रखने पर भी बल दिया गया।

# 6 सीटों पर प्रत्याशी उतारेगा शैक्षिक महासंघ

टीएनएफ टुडे, आगरा।



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उप्र के शीर्ष नेतृत्व की एक बैठक डॉ देवी सिंह नरवार के आवास एचआर स्टेट पर सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अनूप शर्मा ने आगरा पहुंचे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की छह शिक्षक सीटों पर महासंघ अपने प्रत्याशी उतारेगा। डॉ. अनूप शर्मा ने बताया कि लखनऊ, आगरा, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली एवं गोरखपुर-फैजाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के एमएलसी का कार्यकाल छह दिसंबर 2026 को समाप्त हो रहा है। नवंबर 2026 में चुनाव प्रस्तावित हैं। सलेक्शन एंड स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवी सिंह नरवार महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों से परामर्श कर प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन कर रहे हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने उप्र विधान परिषद की छह शिक्षक सीटों पर अपने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने का फैसला लिया है। इसके लिए प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। महासंघ ने संस्थापक डॉ देवी सिंह नरवार को प्रत्याशियों के चयन के लिए सलेक्शन एंड स्क्रीनिंग कमेटी का अध्यक्ष व माध्यमिक संवर्ग के निवर्तमान अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को कमेटी का संयोजक नियुक्त किया है। माध्यमिक संवर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अलीगढ़ निवासी डॉ अनूप शर्मा ने बताया कि मेरठ, आगरा एवं लखनऊ खंड शिक्षक सीटों पर प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो चुके हैं। बनारस तथा गोरखपुर सीट के लिए मंथन जारी हैं।

## पुलिस कार्रवाई न करने का दुकानदारों को आश्वासन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



सुभाष बाजार मिनी मार्केट में हुए हादसे के संदर्भ में आगरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष टीएन अग्रवाल और वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय पुरसनानी के नेतृत्व में दुकानदारों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर को हादसे से जुड़े वास्तविक तथ्यों से अवगत कराया और दुकानदारों पर किसी भी तरह की पुलिस कार्रवाई न किए जाने का अनुरोध किया। पुलिस कमिश्नर ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि हादसे के संबंध में किसी भी व्यापारी के खिलाफ कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की जाएगी। इस आश्वासन से दुकानदारों ने राहत की सांस ली।

व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि दुकानदारों को परेशान न किया जाए। साथ ही, लंबे समय से दुकान बंद रहने के कारण आर्थिक तंगी और भुखमरी के कगार पर पहुंचे पीड़ित दुकानदार और प्रभावित कामगारों के परिवारों को सरकार व प्रशासन द्वारा उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। इस दौरान अध्यक्ष टीएन अग्रवाल, जय पुरसनानी, राजीव गुप्ता, इंदर मंगवानी, कमल मुलानी, शैलेश जैन, दीपक पंजवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय रीजनल बास्केटबॉल टूनार्मेंट शुरू



टीएनएफ टुडे, आगरा।

सेंट कॉनरेड्स इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय रीजनल बास्केटबॉल टूनार्मेंट (बॉयज) का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डेविड, प्राचार्य, सेंट जूड्स स्कूल गोरखपुर एवं रीजनल सेक्रेटरी तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. हरि सिंह, सचिव, आगरा बास्केटबॉल एसोसिएशन एवं उपाध्यक्ष, बास्केटबॉल उत्तर प्रदेश रहे। टूनार्मेंट में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 35 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में अगले तीन दिनों तक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अक्षय जरमाया भी उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों और अतिथियों के ठहरने, भोजन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समुचित व्यवस्था की है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है।

## मिशन-2027 की तैयारी में जुटी भाजपा

# आगरा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलनों से कार्यकर्ताओं में भरा जोश

टीएनएफ टुडे, आगरा।



वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा आगरा महानगर की दक्षिण और उत्तर विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग स्थानों पर भव्य बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किए गए। दोनों सम्मेलनों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बूथ अध्यक्षों और कार्यकताओं को संगठन की मजबूती, केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार तथा चुनावी रणनीति को लेकर महत्वपूर्ण मंत्र दिए।

जयपुर हाउस स्थित महाजन भवन में आयोजित दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में भाजपा ब्रज क्षेत्र के पूर्व महामंत्री और मुख्य अतिथि देवेंद्र शर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा एवं कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भारत माता के महान सपूतों के चित्रों पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम के राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, उत्तर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन बल्केश्वर स्थित श्रीराम कृष्ण कन्या विद्यालय में आयोजित हुआ। जहां मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा ब्रज क्षेत्र के पूर्व महामंत्री देवेंद्र शर्मा ने कहा कि भाजपा राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित कार्यकताओं का संगठन है। कैबिनेट मंत्री और दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका बूथ स्तर का मजबूत ढांचा है। उन्होंने कहा कि बूथ जीता, तो चुनाव जीता। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनाव में ह्लविराट विजयह्व का लक्ष्य निर्धारित करते हुए बूथ अध्यक्षों से पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने कहा कि आगरा हमेशा से भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। बूथ समितियों और पन्ना प्रमुखों का सशक्त नेटवर्क ही पार्टी की असली ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से जनता के बीच जाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपील की। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता ने बूथ अध्यक्षों को जमीनी स्तर पर सक्रिय रहने का मंत्र दिया। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में कार्यक्रम संयोजक धीरज जैन, राजू कुशवाहा, आदेश सिंगल, देवेश पचौरी, धीरज कोहली, राजेश प्रजापति, भाजपा महानगर महामंत्री हेमंत भोजवानी, महानगर उपाध्यक्ष अनीता खरे और कार्यक्रम संचालक दीपक खरे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन में नीतेश शिवहरे, दीपू जादोन, विजय भदौरिया, मनमोहन कुशवाह, रोहित कत्याल, विक्रांत तिवारी, करुणानिधि गर्ग, अंजू गर्ग, योगेश दिवाकर, राकेश शर्मा, राहुल जैन, शिव शैलेन्द्र, अमित बंसल, टी.एन. चौहान, सोनू दिवाकर समेत बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आम आदमी पार्टी का बोदला पर धरना

**आगरा।** आम आदमी पार्टी महानगर आगरा के नेतृत्व में गुरुवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा (बोदला) पर कार्यकताओं ने प्रदर्शन और धरने का आयोजन किया। धरने के दौरान कार्यकताओं ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यकताओं ने बताया कि प्रदर्शन में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस द्वारा महानगर अध्यक्ष दिलीप बंसल को उनके ही घर में नजरबंद कर दिया गया। आप नेताओं ने छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़ी आलोचना की। पूर्व जिला अध्यक्ष कपिल वाजपेयी ने कहा कि सरकार पहले यूजीसी और अब लगातार हो रहे पेपर लीक जैसे विषयों से देश के युवाओं और छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। महानगर सचिव तरुण भार्गव ने छात्रों पर हुए पुलिसिया जुल्म की पुरजोर भर्त्सना की।

## राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष आज शहर में

टीएनएफ टुडे, आगरा।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल का 24 जुलाई को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। दोपहर 12:30 बजे सर्किट हाउस में उपाध्यक्ष सफाई कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। जिसमें संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में सफाई कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। दोपहर 2 बजे उपाध्यक्ष नगर निगम आगरा के नगर आयुक्त एवं अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति, पदोन्नति, सेवा शर्तों तथा कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। सायं 4 बजे उपाध्यक्ष अखिल मैदान, पीर कल्याणी में आयोजित विद्यार्थी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। सायं 6 बजे उपाध्यक्ष सड़क मार्ग से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

# छात्रों को दिया सीपीआर का प्रशिक्षण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



एनसीसी आर्मी विंग आगरा कॉलेज एवं इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स, आगरा शाखा, द्वारा आगरा कॉलेज के ऑडिटोरियम में छात्रों के लिए कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) पर एक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा नागरिकों को आकस्मिक हृदयाघात के समय जीवन बचाने के लिए सटीक शारीरिक कौशल से लैस करना है। मुख्य चिकित्सा प्रशिक्षक प्रतिष्ठित बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील अग्रवाल ने 'मिनीकिन्स' पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। केवल सैद्धांतिक ज्ञान देने के बजाय, इस 90 मिनट के सत्र में लाइव प्रदर्शन के साथ-साथ व्यावहारिक अभ्यास कराया। उन्होंने छात्रों को ₹मिनीकिन्स₹ (विशेष सीपीआर प्रशिक्षण पुतलों) पर सीधे चेस्ट कंप्रेशन (छाती दबाना) और सांस देने की तकनीकों का अभ्यास कराया। जिससे विद्यार्थियों को वास्तविक आपातकालीन स्थिति से निपटने का आत्मविश्वास और सही तरीका आ सके। आईएपी सीपीआर की स्टेट कॉर्डिनेटर डा सोनिया भट्ट ने सार्वजनिक सीपीआर कौशल की तत्काल आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण भारत के लिए एक महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है, जहां केवल 2% से भी कम आबादी सीपीआर करना जानती है। चूंकि एम्बुलेंस अक्सर ट्रैफिक के कारण पहले महत्वपूर्ण तीन मिनट के भीतर नहीं पहुंच पाती हैं, इसलिए आस-पास मौजूद लोगों द्वारा तुरंत दिया गया सीपीआर जीवनदान साबित होता है। जिन देशों में सार्वजनिक प्रशिक्षण व्यापक है, वहां तत्काल सीपीआर से 40% से 60% तक जानें बचाई जाती हैं। कार्यक्रम में एनसीसी आर्मी विंग के कंपनी कमांडर कैप्टन अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। एयर विंग के फ्लाइंग ऑफिसर नीतिश शर्मा ने संचालन तथा डा सत्यदेव शर्मा ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो वीके सिंह ने की। बायोटेक विभाग अध्यक्ष डा संध्या अग्रवाल, डा दिव्या अग्रवाल, डा नीता रानी, डा रवि शंकर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। एनएसएस प्रभारी डा आनंद प्रताप सिंह ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर प्रो आरके श्रीवास्तव, प्रो संचिता सिंह, प्रो कल्पना चतुर्वेदी, प्रो आशीष कुमार, डा रंजीत, डॉ अश्विनी शर्मा, डा हरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**टीएनएफ टुडे** मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए **धीरज शर्मा** द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिंकदरा रोड आगरा से मुद्रित।
**संपादक: धीरज शर्मा**, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# 'झोले' से 'कैमरे' तक

मिशन विहीन पत्रकारिता और कुंठा का नया दौरआज के दौर का सबसे कड़वा सच यही है कि पत्रकारिता अब अपने मूल मिशन से भटककर महज जीवन-यापन का जरिया बनकर रह गई है। जब पत्रकारिता से सरोकार और लक्ष्य गायब हो जाते हैं, तब समाज में केवल 'नकली और असली' के भाव का स्वान-रूप (दिखावे और आपसी खींचतान की प्रवृत्ति) ही शेष रह जाता है। आज आत्मनिरीक्षण की सख्त जरूरत है कि हम समाज को क्या दे रहे हैं और खुद कहाँ खड़े हैं।कल तक समाज के पास 'सदाचारी नारद' हुआ करते थे–वे यायावर भाई, जिनके कंधों पर फटा, गंदा झोला लटका होता था, जिसमें अखबार ठूंसे होते थे और हाथ में एक पेन होता था। वे किसी भौतिक सुख या रुतबे के भूखे नहीं थे, बल्कि व्यवस्था की कमियों को उजागर करना ही उनका एकमात्र धर्म था। लेकिन आज की हकीकत बदल चुकी है। आज हमें दूसरों की खुशहाली से चिंता होने लगी है। सड़कों पर दौड़ते 'प्रेस' लिखे वाहन और हाथों में लहराते महंगे मोबाइल कैमरे आज की पत्रकारिता की नई पहचान बन गए हैं, जो समाज की आँखों में खटकने लगे हैं।यह बदलाव केवल साधनों का नहीं, बल्कि सोच का है। जो लोग केवल आजीविका और रुतबे के लिए इस पेशे में हैं, उन्हें हमेशा अपनी साख की कहानी खुलने की आशंका सताती रहती है। इसी डर के कारण वे एक सच्चे और प्राकृतिक गुण-धर्म वाले पत्रकार को नए सिरे से पारिभाषित करने की अजीबोगरीब धुन में लगे रहते हैं, ताकि खुद को 'असली' और दूसरों को 'नकली' साबित कर सकें। यह असल और नकल की बहस कुछ और नहीं, बल्कि एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्या, बड़ा-छोटा दिखाने की चाह और ऊंच-नीच की कुंठा से उपजा हुआ भाव है।दैनिक टी.एन.एफ. टुडे का मानना है कि जो आज भी तमाम अभावों के बाद भी एक मिशन के तहत समाज की सच्चाई को लिख-पढ़ रहे हैं, वही असल मायने में 'सदाचारी नारद' हैं। इसके विपरीत, जो केवल व्यक्तिगत लाभ, रुतबे और जीवन-यापन के लिए इस पवित्र पेशे का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे इस व्यवस्था को कदाचार की ओर ढकेल रहे हैं। पत्रकारिता को इस दिखावे और व्यावसायिकता के चश्मे से बाहर निकलना होगा, तभी हम इस समाज को सही आईना दिखा पाएंगे।

# शब्द-मंथन: वर्तमान विमर्श और व्यवस्था की शुचिता

वैचारिक अधिष्ठानसाहित्य सदा से समाज का दर्पण रहा है। जब गीत, गजल और कविता केवल सौंदर्य बोध तक सीमित न रहकर 'अपने और पराए' के मानस का विश्लेषण करने लगें, तब राजनीति के 'जोड़-गुणा-बाकी' और लाभ-हानि के समीकरण स्वतः स्पष्ट होने लगते हैं। समकालीन परिदृश्य में घटित हो रही घटनाएं इसी शब्द-मंथन की उपज हैं।समकालीन कोहराम और व्यवस्था की विसंगतिसमाचार पत्रों के पन्ने रोज देश की धड़कन और दिल्ली के कोहराम की गवाही देते हैं। विडंबना यह है कि बौद्धिक और जागरूक वर्ग विपक्ष के स्वरों में सुर तो मिलाता है, परंतु यह पूरा तंत्र आज भी अव्यवस्थित और दिशाहीन दिखाई देता है। परीक्षा प्रणालियों में शुचिता का अभाव, नकल और पेपर लीक जैसी घटनाएं जब सत्ता और तंत्र के इर्द-गिर्द मंडराती हैं, तब चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं।आंदोलन की विधा और मार्ग का भटकावलोकतंत्र में अपनी बात कहने के लिए 'जंतर-मंतर' जैसे स्थल निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद, जब विरोध के नाम पर संसद की ओर कूच किया जाता है, तो कानून और मयार्दाओं का उल्लंघन होना निश्चित है। रोक-टोक होने पर टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है, और अगले ही दिन यह आंदोलन संभ्रांत घरों की बैठकों (पंगत और संगत) में सिमट जाता है।प्रतिपक्ष की भूमिका और छद्म राष्ट्रवादआज का प्रतिपक्ष एक अद्भुत चरित्र प्रस्तुत कर रहा है। पड़ोस के देशों (नेपाल, बांग्लादेश) की उथल-पुथल को देखकर आनंदित होने वाली यह सोच केवल 'फोटो-सेशन' और राजनीतिक फैशन तक सीमित रह गई है। लोक-कल्याण के नाम पर शुरू हुआ अनशन भी अब 'फाइव स्टार' संस्कृति में बदल चुका है, जहाँ विरोध भी आलीशान है और उसके बाद का इलाज भी सर्वसुविधायुक्त है।मूल प्रश्न और जवाबदेहीबिना किसी ठोस विषय या रचनात्मक विमर्श के केवल 'बवाल' खड़ा करना किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। समाज और तंत्र में सुधार और शर्म की भावना तब तक जागृत नहीं हो सकती, जब तक कि हर स्तर पर 'जवाबदेही' (Accountability) तय न हो।_ आत्म-मंथन और बिना वास्तविक विषय के उठाए गए सवाल केवल शोर उत्पन्न करते हैं, सत्य नहीं।

**–अनाम**

# यमुना कोई खाली जमीन नहीं, एक जीवित नदी है

## सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप स्वागतयोग्य, लेकिन सरकारी लापरवाही अक्षम्य है



आखिरकार देश की सर्वोच्च अदालत को दखल देना पड़ा। यह सिर्फ. वृंदावन में प्रस्तावित रिवर फ्रंट परियोजना पर रोक लगाने का मामला नहीं है। यह उस सोच पर कड़ा तमाचा है जो एक जीवित नदी को सिर्फ. खाली पड़ी जमीन मानती है, जिस पर जब चाहो सीमेंट और कंक्रीट बिछा दो।

बृज वृंदावन देवालय समिति की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केशी घाट के पास चल रहे निर्माण कार्य पर तुरंत रोक लगा दी। साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार से छह सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। यदि अदालत समय रहते हस्तक्षेप नहीं करती, तो मिट्टी भरकर बनाया जा रहा विशाल प्लेटफॉर्म यमुना के एक और हिस्से को हमेशा के लिए कंक्रीट के नीचे दफना देता।

यह कोई पहली बार नहीं है जब अदालत को सरकार की नाकामी की भरपाई करनी पड़ी हो। पिछले एक दशक से न्यायपालिका बार-बार यमुना की रक्षा के लिए आगे आ रही है, जबकि सरकारें विकास के नाम पर नदी का गला घोंटने में लगी हुई हैं।

साल 2015 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने यमुना के चिन्हित बाढ़ क्षेत्र में हर तरह के निर्माण पर रोक लगा दी थी। अवैध निमार्णों की पहचान कर उन्हें हटाने के आदेश भी दिए गए थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी कई मामलों में साफ कहा कि बाढ़ क्षेत्र नदी का अभिन्न हिस्सा है, कोई निर्माण स्थल नहीं। दिल्ली पुलिस तक को बाढ़ क्षेत्र में बैरक बनाने की अनुमति नहीं मिली। अदालत ने तीखा सवाल किया था कि जब बाढ़ का पानी स्वयं सुप्रीम कोर्ट परिसर तक पहुंच चुका है, तब कोई वहां निर्माण करने की ज़िद कैसे कर सकता है?

हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट ने भी यमुना के बाढ़ क्षेत्र में बनी अवैध कॉलोनियों को पूरी तरह गैर-कानूनी बताते हुए नए निर्माण और मरम्मत तक पर रोक लगा दी। साफ है कि न्यायपालिका लगातार वही बात दोहरा रही है जिसे सरकारें सुनना ही नहीं चाहतीं–बाढ़ का मैदान नदी का शरीर है, उस पर कब्जा नहीं किया जा सकता।

अगर आज यमुना के बाढ़ क्षेत्र का कुछ हिस्सा बचा हुआ है, तो उसका श्रेय सरकारों को नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं को जाता है। आगरा का रिवर कनेक्ट अभियान, दिल्ली का यमुना जिए अभियान, वृंदावन के पर्यावरण प्रेमी और अनेक सामाजिक संगठन वर्षों से अदालतों के दरवाजे खटखटा रहे हैं। उन्होंने सबूत जुटाए, जनहित याचिकाएँ दायर कीं और हर उस परियोजना को चुनौती दी जो नदी के अस्तित्व के लिए खतरा बन रही थी। अधिवक्ता राहुल चौधरी और आकाश वशिष्ठ जैसे लोगों ने वर्षों तक अदालतों में यह लड़ाई लड़ी। यह संघर्ष बिना किसी प्रचार और सरकारी मदद के चलता रहा। सच तो यह है कि यमुना की जो थोड़ी-बहुत कानूनी सुरक्षा बची है, वह नागरिक समाज की बदौलत है, सरकार की मेहरबानी से नहीं।

पर्यावरणविद् डॉ. देवाशीष भट्टाचार्य के अनुसार तस्वीर बेहद खौफनाक है। यमुना में पहुंचने वाले कुल प्रदूषण का लगभग अस्सी प्रतिशत केवल दिल्ली के 22 किलोमीटर लंबे हिस्से में नदी में गिरता है। वहां घुलित ऑक्सीजन का स्तर कई बार शून्य तक पहुंच जाता है। सुप्रीम कोर्ट भी इस पर गंभीर चिंता जता चुका है। दूसरी ओर मथुरा और वृंदावन में रोजाना लाखों लीटर बिना शोधन का सीवर सीधे यमुना में छोड़ा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि पिछले दस वर्षों में नमामि गंगे जैसी महत्वाकांक्षी योजना पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होने के बावजूद यमुना की हालत क्यों नहीं सुधरी? नदी आज भी दुनिया की सबसे प्रदूषित नदियों में गिनी जाती है। मछलियाँ कम होती जा रही हैं, पक्षियों का बसेरा उजड़ रहा है, जैव विविधता घट रही है, बाढ़ क्षेत्र सिकुड़ रहा है और अतिक्रमण लगातार बढ़ रहे हैं। दूसरी ओर अधिकारी नए-नए टाइल्स लगे घाटों पर तस्वीरें खिंचवाने में व्यस्त हैं। असली बीमारी छिपाकर केवल चेहरा चमकाने से नदी नहीं बचेगी।

फ्रेंड्स ऑफ वृंदावन के संयोजक जगन्नाथ पोद्दार का कहना है कि वृंदावन रिवर फ्रंट इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसे वर्षों पहले नदी तट के विस्तार और सौंदर्यीकरण के नाम पर पेश किया गया था। तब भी इस योजना पर अदालतों ने सवाल उठाए थे। अब फिर उसी परियोजना को नए रूप में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसका मतलब साफ है कि वैज्ञानिकों, पर्यावरण विशेषज्ञों और अदालतों की चेतावनियों का सरकारी तंत्र पर कोई असर नहीं पड़ा। आज भी योजनाएँ जल विशेषज्ञ नहीं, बल्कि बुलडोजर और ठेकेदार तय कर रहे हैं।

दुनिया के अनेक शहर अब अपनी नदियों को फिर से खुला बहने दे रहे हैं। कंक्रीट की दीवारें हटाई जा रही हैं ताकि नदियाँ अपने प्राकृतिक स्वरूप में लौट सकें। लेकिन भारत में तस्वीर उलटी है। यहां विकास के नाम पर नदी को सीमेंट की दीवारों और चौड़े प्लेटफॉर्मों में कैद किया जा रहा है। इसे विकास का नाम दिया जा रहा है, जबकि यह दरअसल पर्यावरण का विनाश है।

जनचिंतक प्रोफेसर परस नाथ चौधरी ठीक कहते हैं कि ब्रज की पहचान यमुना से है। यदि यमुना मर गई तो घाट, मंदिर, परिक्रमा, संस्कृति और आस्था सब अपनी रूह खो देंगे। नदी के बिना ब्रज केवल इमारतों का शहर बनकर रह जाएगा।

अब उत्तर प्रदेश सरकार के पास बहाने बनाने का वक़्त नहीं है। उसे प्रतीकात्मक सौंदर्यीकरण छोड़कर असली काम करना होगा। बिना शोधन का सीवर नदी में गिरना तुरंत बंद हो। यमुना में पर्याप्त पर्यावरणीय जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। बाढ़ क्षेत्र से अतिक्रमण हटाए जाएँ। सीवेज शोधन संयंत्रों को पूरी क्षमता से चलाया जाए। नदी को सांस लेने की जगह वापस दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल इस विनाश पर ब्रेक लगा दिया है। एनजीटी और विभिन्न उच्च न्यायालय वर्षों से कानूनी आधार तैयार कर चुके हैं। पर्यावरण कार्यकताओं ने अपना फर्ज.निभाया है। अब सबसे बड़ा सवाल सरकार से है; क्या वह अदालतों और जनता की आवाज सुनेगी, या फिर विकास के नाम पर यमुना को मिटाने का सिलसिला जारी रहेगा?

ब्रज को बचाना है तो यमुना को बचाना होगा। क्योंकि जब नदी मरती है, तब केवल पानी नहीं मरता, बल्कि एक पूरी सभ्यता, संस्कृति और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी उसके साथ बह जाता है।

**–बृज खंडेलवाल द्वारा**

# भदावर की माटी और अक्षर पुरुष का महान संकल्प

एक कालखंड ऐसा भी था जब यमुना और चम्बल की लहरों के बीच बसा भदावर क्षेत्र किसी और ही कारण से जाना जाता था। भौगोलिक विषमताओं और सामाजिक उपेक्षा के कारण इस क्षेत्र की माटी में बंदूकें और बागी पनपते थे। जब व्यवस्थाएं कानून के दम पर इस बागीपन को दबाने में विफल हो रही थीं, तब इसी भदावर की भूमि पर एक युगपुरुष का अवतरण हुआ, जिन्हें इतिहास 'अक्षर पुरुष' पं. बनवारी लाल तिवारी के नाम से स्मरण करता है। उन्होंने समझा कि इस धरती की समस्या हथियारों की नहीं, बल्कि शिक्षा के अभाव की है। उन्होंने बीहड़ों के इस सन्नाटे को गोलियों की गूंज से नहीं, बल्कि ककहरे और वर्णमाला की गूंज से बदलने का एक अप्रतिम संकल्प लिया।तिवारी जी की शिक्षा प्रणाली और उनका सेवा भाव अनूठा था। जब भी कोई पढ़ा-लिखा युवा या उनका शिष्य काम की तलाश में उनके सम्मुख पहुंचता, तो वे उसे कोई नौकरी या धन नहीं देते थे। वे अपने पास से धरोहर के रूप में चार बेंच और दो कुर्सियां सौंपते थे। उनका एक ही आदेश होता था–"फलां गांव या ठिकाने पर जाओ, वहां चौपाल पर या पेड़ की छांव में स्कूल खोलो और बच्चों को पढ़ाना शुरू कर दो।" यह केवल रोजगार का जरिया नहीं था, बल्कि भदावर की तकदीर बदलने के लिए शुरू किया गया एक महा-अभियान था। इसी 'विद्या दान अभियान' के कारण बाह, जैतपुर, पिनाहट समेत न जाने कितने सुदूर और दुर्गम गांवों में ज्ञान के मंदिर खड़े हो गए।स्वाभिमान की पाठशाला और आधुनिक विडंबनाएं. बनवारी लाल तिवारी जी के इस अभियान में स्वदेशी और स्वाभिमान कूट-कूट कर भरा था। देश की आजादी से पहले, जब उनके द्वारा स्थापित विद्यालयों की ख्याति बढ़ने लगी, तो तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत ने उन पर सरकारी मान्यता लेने के लिए भारी दबाव बनाया। लेकिन इस अक्षर पुरुष के तेवर अलग थे। उन्होंने विदेशी दासता की शर्तों पर झुककर आजादी से पहले अंग्रेजी सरकार से मान्यता लेना स्वीकार नहीं किया।



वे मानते थे कि शिक्षा पर पहला अधिकार समाज का है, किसी शोषक सत्ता का नहीं। वे इस अभियान को आगे बढ़ाते गए और अंततः 'भदावर विद्या मंदिर' को एक प्रतिष्ठित डिग्री कॉलेज के शिखर तक ले गए। सबसे अद्भुत बात यह थी कि जैसे ही कोई स्कूल आत्मनिर्भर और सफल होता, वे उसे वहीं के स्थानीय प्रबंधकों और समाज को सौंपकर स्वयं अगले गांव में नई अलख जगाने निकल पड़ते थे।आज हम एक स्वतंत्र राष्ट्र में सांस ले रहे हैं। लेकिन अत्यंत पीड़ा का विषय है कि वर्तमान प्रशासनिक व्यवस्थाएं औपचारिकता और कागजी नियमों के फेर में पड़कर उन ऐतिहासिक धरोहरों की आत्मा को चोट पहुंचा रही हैं। वर्तमान में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (फ्ळए अ्३, 2009) की धारा 18 के कड़े प्रावधानों और उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर जारी 'गैर-मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ धरपकड़ और बंदी अभियान' के शासकीय आदेशों के तहत इन पारंपरिक पाठशालाओं पर भी बंद होने का संकट मंडरा रहा है। आजादी के इतने दशकों बाद, केवल अव्यावहारिक मानकों और कागजी 'मान्यता' के बहाने इन सेवाभावी ग्रामीण विद्यालयों को बंद कराने के जो अभियान चलाए जाते हैं, वे निश्चित रूप से उस महान शिक्षा शास्त्री की आत्मा को गहरे कष्ट पहुंचाते होंगे। जो विद्यालय किसी दौर में बिना किसी सरकारी मदद के समाज को सुधारने का जरिया बने, उन्हें आज कागज के चंद टुकड़ों के लिए कटघरे में खड़ा कर देना न्यायसंगत नहीं है।

नीतिगत सुझावः दमन नहीं, संवर्धन करे सरकारसरकार और समाज को यह समझने की आवश्यकता है कि शिक्षा केवल कंक्रीट की बहुमंजिला इमारतों या भारी-भरकम फीसों से नहीं चलती। शिक्षा चलती है शिक्षक के समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना से। इस संबंध में शासन को व्यवस्था में सुधार हेतु निम्नलिखित सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए:मानकों में शिथिलताः शासन को फ्ळए नियमावली और इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम के भूमि एवं ढांचागत मानकों में उन सुदूर ग्रामीण विद्यालयों के लिए विशेष छूट (शिथिलता) देनी चाहिए जो दशकों से निरंतर ज्ञान दान कर रहे हैं।एकमुश्त वित्तीय सहायताः 'अक्षर पुरुष' के सिद्धांतों के अनुरूप काम कर रहे इन स्कूलों को बंद करने के बजाय सरकार को विशेष अनुदान देकर इनके ढांचे को मजबूत करना चाहिए।

दंडात्मक के बजाय सुधारात्मक रुखः शिक्षा विभाग को सीधे विद्यालय बंदी या जुमार्ने का आदेश जारी करने के बजाय एक 'हैंडहोल्डिंग' नीति अपनानी चाहिए, जिसके तहत एक निश्चित समयसीमा देकर विभागीय अधिकारी स्वयं इन स्कूलों की कमियों को दूर करवाकर उन्हें मान्यता की मुख्यधारा में लाएं।हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि यदि शिक्षा का यह प्रकाश धीमा पड़ा, तो अज्ञानता का अंधकार फिर से पैर पसारेगा। चम्बल के इस भदावर अंचल को हमें पुनः 'बागियों की फसल' से आबाद नहीं होने देना है। बीहड़ के युवाओं को बंदूकों की तरफ मुड़ने से रोकने का एकमात्र अचूक अस्त्र 'अक्षर ज्ञान' ही है। अतः शासन-प्रशासन को औपचारिकता की बेड़ियों को तोड़कर इन पारंपरिक शिक्षा केंद्रों को गले लगाना चाहिए, ताकि भदावर की भूमि पर ज्ञान की अलख सदैव देदीप्यमान रहे।

**–शंकर देव तिवारी**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 25 जुलाई 2026 शनिवार**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष वृष सिंह कन्या धनु और मीन राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन साक्षात न्याय के देवता भगवान शनिदेव की आराधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनिदेव को सरसों का तेल अर्पित करना तथा हनुमान चालीसा का वाचन करना जीवन में असीम मानसिक शांति आरोग्यता पारिवारिक सुख और उच्च प्रशासनिक सफलता लेकर आता है।

### मेष

आज आपकी सामाजिक साख और व्यावसायिक सम्मान में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव अत्यधिक होगा और सोचे हुए सभी रुके हुए काम गति पाएंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी सुस्ती आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। शनिदेव को प्रणाम करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और भूमि भवन से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों के सहयोग से आपको किसी मुख्य और सम्मानित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मस्तक ऊंचा होगा और मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। शनि चालीसा का जाप करें जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल व्यावसायिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। शनिवार को पीपल के वृक्ष के पास दीप प्रज्वलित करें जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। शनिदेव के सम्मुख सरसों के तेल का दीप अर्पित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर भस्म का तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और उच्च सहयोगियों की मदद से किसी महत्वपूर्ण नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी सच्ची मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों के लिए अन्न की व्यवस्था करें जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। मस्तक पर नीले रंग का पुष्प अर्पित करें या नीले वस्त्र धारण करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई महत्वपूर्ण रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको भारी आर्थिक नुकसान हो सकता है। शनि रक्षा स्तोत्र का वाचन करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का अधिक लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखित प्रमाण के कोई महत्वपूर्ण आर्थिक व्यवहार न करें। शनि मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए मुख्य व्यावसायिक सहयोगी सम्मिलित होने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। शनिदेव महाराज को याद करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर षड्यंत्र को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत महत्वपूर्ण और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। काले तिल का दान करें जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई महत्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को असीम राहत मिलेगी। किसी शिव मंदिर में धार्मिक पुस्तक दान करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन घर के मुख्य प्रवेश द्वार पर पश्चिम की दिशा में सरसों के तेल का दीपक प्रज्वलित करने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर वास्तु दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात शनिदेव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का आर्थिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा संवर्धित होती रहती है।

# सदियों से चली आ रही ब्रज में मुंडन परम्परा

## गुरु के देहावसान से द्रवित गौड़ीय सम्प्रदाय के शिष्यों ने शुरू की 400 वर्ष से पहले गिरिराज परिक्रमा

हरी मोहन रावत



**मथुरा।** योगेश्वर श्रीकृष्ण की जन्मस्थली तीन लोक से न्यारी है। यहां की परंपराएं सदियों से अनवरत चली आ रही हैं। ऐसी ही एक परंपरा का निर्वहन आगामी पूर्णिमा के दिन 21 किमी गोवर्धन स्थित गिरिराज पर्वत की परिक्रम करने करोड़ों की संख्या में भक्तों का सैलाब उमड़ेगा। यह परंपरा चैतन्य महाप्रभु के ब्रज में भेजे गए छह शिष्यों में से संत सनातन गोस्वामी के तिरोभाव (गोलोकवासी) से जुड़ा है।

मथुरा के गिरिराज तलहटी में लगने वाला मुड़िया पूर्णिमा मेला का उद्गम संत सनातन गोस्वामी के तिरोधान से जुड़ा है। चैतन्य महाप्रभु द्वारा ब्रज में भेजे गए प्रमुख शिष्यों (छह गोस्वामियों) में से एक संत सनातन गोस्वामी थे। उन्होंने ही गिरिराज गोवर्धन की परिक्रमा और पूजा की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित किया। वर्षों पूर्व जब सनातन गोस्वामी गोवर्धन में अपनी लीला संवरण (देय त्याग) कर गए, तो उनके वियोग में गौड़ीय संप्रदाय के वैष्णव भक्तों ने अपने सिर मुंडवा लिए।

तभी से यह मेला मुड़िया के नाम से जाना जाता है। इसी संप्रदाय के लोग हर वर्ष पूर्णिमा के दिन सिर मुंडन कराकर गिरिराज परिक्रम संकीर्तन के साथ करते हैं। इसी परंपरा ने लाखों लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लिया। इस परंपरा का पहला पायदान वर्ष 1558 से माना जा रहा है। इसी तरह यह लगभग 468 वर्ष से लगातार चली आ रही है। मथुरा के गोवर्धन में 23 से 30 जुलाई 2026 तक भव्य मुड़िया पूर्णिमा मेला आयोजित होगा।

**जगप्रसिद्ध मुडिया मेला को लेकर व्यापक प्रबंध**

■ इस बार 469वीं शोभायात्रा निकाली जाएगी मुड़िया मेला में

कान्हा की नगरी मथुरा में एक बार फिर आस्था, श्रद्धा और विश्वास का सबसे बड़ा मेला लगने जा रहा है। ऐतिहासिक मेले में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आने की उम्मीद है। इस भारी भीड़ को संभालने और श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अमले ने पूरी तरह कमर कस ली है। मेले की सुरक्षा, सफाई और ट्रैफिक प्लान को लेकर गोवर्धन तहसील के सभागार में एक हाई-लेवल समीक्षा बैठक की गई। बैठक में साफ निर्देश दिए गए कि मेले में आने वाले हर एक श्रद्धालु की सुरक्षा और सुविधा हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने मेला व्यवस्था के लिए जनपद के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जोनल एवं सेक्टर वाइज ड्यूटियां लगा दी है।

# जंतर-मंतर पर लाठी चार्ज के विरोध में मांट तहसील पर गरजे कांग्रेसी



टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मांट।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में महंगाई, भ्रष्टाचार, चढ़ावा/चंदा चोरी, जंतर मंतर पर छात्रों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन कर मांट तहसील का घेराव किया। प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे कि जो सरकार पेपर लीक नहीं रोक सकती, वह इस्तीफा दे। धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करो। तहसील मुख्यालय के दरवाजे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात थी और उसने प्रदर्शनकारियों को रोका। जुलूस वहां प्रदर्शन सभा में बदल गया, जिसे संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि भारत के भविष्य को अंधकार में डालने के लिए मोदी सरकार की कड़ा विरोध करते हैं। जिस भाजपा सरकार ने शांतिपूर्ण अनशन कर रहे विद्यार्थियों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया और जुल्म किया आगे कहा जो सरकार राम मंदिर का चढ़ावा चुराने वालों की संरक्षक है। वह जनता को न्याय नहीं दे सकती है। दमन के बल पर संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है।

कार्यक्रम का संचालन मांट ब्लॉक अध्यक्ष हरदेव सिंह ने किया। प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि, शिवदत्त चतुर्वेदी, हरिओम उपाध्याय, गंगा शरण दीक्षित, खचेर मल प्रधान, करविंदर सिंह, धर्मवीर सिंह, सुशील कुमार,सतीश चंद्र दुबे, जयगोपल शर्मा, चंद्र मोहन शर्मा, सतवीर शर्मा, प्रमोद पाठक आदि कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

उप जिलाधिकारी चंद्र भूषण प्रताप ने भारी सुरक्षा बल तैनात कर मामले को उग्र प्रदर्शन में तब्दील नहीं होने दिया। सीओ मांट व थाना प्रभारी उमेश कुमार ने भी सहयोग दिया।



# सीएसआरवी इंटर कॉलेज में 57 किशोरियों का टीकाकरण

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवल्लभ के निर्देशन में शनिवार को ब्लॉक चौमुहां के अंतर्गत सीएसआरवी इंटर कॉलेज, चौमुहां में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु एचपीवी वैक्सीन उपलब्ध कराना था। शिविर के दौरान विद्यालय की कुल 57 किशोरियों का सफलतापूर्वक एचपीवी टीकाकरण किया गया। टीकाकरण से पूर्व छात्राओं एवं विद्यालय परिवार को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम तथा टीकाकरण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौमुहां के अधीक्षक डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में एचपीवी टीकाकरण अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की कि यदि कोई विद्यालय अपने परिसर में छात्राओं के लिए एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित कराना चाहता है, तो वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौमुहाँ अथवा अपने निकटतम सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी से संपर्क कर शिविर आयोजित करा सकता है।

# स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी ने दो बहनों का किया कन्यादान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, चौमुहां।

सामाजिक सेवा और मानवता के क्षेत्र में निरंतर कार्यरत स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी, मथुरा ने अपने प्रोजेक्ट लाडो के अंतर्गत दो जरूरतमंद बहनों लाडो तनु एवं लाडो डॉली के विवाह में सहयोग कर कन्यादान का पुण्य कार्य सम्पन्न कराया। संस्था के संस्थापक पियूष बंसल ने बताया कि समाज की प्रत्येक बेटी को सम्मानपूर्वक अपने नए जीवन की शुरूआत करने का अवसर मिले, यही संस्था का उद्देश्य है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना केवल सामाजिक दायित्व ही नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा भी है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा एवं दिशा फैशन इंस्टिट्यूट की डायरेक्टर शिखा बंसल ने संस्था की टीम के साथ दोनों बहनों को विवाह हेतु आवश्यक सामग्री भेंट की।

संस्था के वरिष्ठ सदस्य भारत अग्रवाल ने बताया कि समाज के सहयोग से ही ऐसे सेवा कार्य संभव हो पाते हैं। इस अवसर पर सद्भावना चौरिटेबल ब्लड बैंक के संस्थापक संजीव जी ने भी इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को ऐसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए । संस्था की वरिष्ठ सदस्या अंकिता शर्मा ने कहा कि यह सेवा आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस अवसर पर संस्था के सदस्य रजनी ,रंजना मीनल, नेहा मित्तल, अंजली, कृतिका, अनिल, भोला सिंह सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे।

# अड़ींग के तरुण ने नीट क्वालीफाई किया

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अड़ींग (मथुरा)।

गांव के युवा तरुण ने नीट परीक्षा में 879 कैटेगरी एवं 32767 नेशनल रेंक हासिल की है। यह उनका दूसरा प्रयास है। उन्होंने परिवार के परिश्रम और पैसे की अहमियत देते हुए लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत की। उनकी मां ममता आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं व पिता रूपकिशोर प्राईवेट रूप से चिकित्सा सहायक का काम करते हैं। तरुण ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की शिक्षा ज्ञानदीप शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल से प्राप्त की।

अच्छे अंकों से परीक्षा पास करने के कारण उन्हें सीकर राजस्थान की कोचिंग में कम खर्च में पढ़ने का अवसर मिल गया। 2025 में उन्हें बी ए एम एस मिला लेकिन उन्होंने अपने एम बी बी एस के लक्ष के चलते इसे छोड़कर और कड़ी मेहनत की। एक बार नीट का पेपर लीक होने से उन्हें काफी निराशा हाथ लगी लेकिन उन्होंने मेहनत से मुंह नहीं मोड़ा।

# बेहतर समन्वय से हल होंगी होटल उद्योग की समस्याएं

## होटल एवं व्यापार उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मंथन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।



लखनऊ अग्निकांड के बाद होटल उद्योग के समक्ष खड़ी चुनौतियों और सुरक्षा मानकों के अनुपालन को लेकर बुधवार को बीएसए इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई। इसमें होटल एवं व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। अधिकारियों ने नियमों की जानकारी देने के साथ उनके समाधान का भरोसा भी दिलाया।

बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट अनुपम मिश्रा ने कहा कि होटल, गेस्ट हाउस और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। हाल की घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया है कि लापरवाही से जान-माल की बड़ी क्षति हो सकती है। इसलिए शासन भवनों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने नेशनल बिल्डिंग कोड और अग्निशमन नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि भवन की ऊंचाई और श्रेणी के अनुसार सुरक्षा मानक निर्धारित हैं। उन्होंने कहा कि यदि कोई होटल पुराना है और उसके स्वीकृत नक्शे में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है, तो नियमानुसार उसका परीक्षण कर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने होटल पंजीकरण की प्रक्रिया और उससे जुड़ी औपचारिकताओं की जानकारी दी तथा सभी संचालकों से समय पर पंजीकरण और आवश्यक मानकों का पालन करने की अपील की। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के सचिव आशीष सिंह, सहायक नगर आयुक्त नीरज कुमार ने भी कारोबारियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मथुरा-वृंदावन होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने कहा कि होटल उद्योग की समस्याओं का समाधान प्रशासन, होटल संचालकों और व्यापार उद्योग के बीच बेहतर समन्वय से ही संभव है। उन्होंने अधिकारियों से उद्योग की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मानकों को पूरा करने के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की। साथ ही होटल संचालकों से सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने का आह्वान किया। बैठक में होटल संचालकों और व्यापारियों ने फायर एनओसी, भवन मानकों, होटल पंजीकरण तथा अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बैठक का संयुक्त संचालन एसोसिएशन के सचिव आर.बी. चौधरी एवं व्यापारी नेता शशिभानु गर्ग ने किया।

व्यापारी नेता सुनील अग्रवाल, सुनील साहनी, होटल संचालक राजा भोज, राजन अग्रवाल, सौरभ, मथुरी अग्रवाल, विजय चतुर्वेदी, ध्रुव अग्रवाल, गुरमुख दास, एडवोकेट प्रवेंद्र गुप्ता, ठाकुर अभय प्रताप सिंह, विनोद दीक्षित सहित बड़ी संख्या में होटल एवं व्यापार उद्योग से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# छात्रों पर हुए लाठीचार्ज का जनवादी लेखक संघ ने किया विरोध

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन कर जताया विरोध

■ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से तत्काल इस्तीफे की मांग की

जनवादी लेखक संघ (जलेस), मथुरा इकाई ने गत दिवस दिल्ली में पेपर लीक प्रकरण को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं पर दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में विकास बाजार स्थित गांधी प्रतिमा पर धरना देकर अपना तीव्र विरोध दर्ज कराया। जलेस के अध्यक्ष टीकेन्द्र सिंह शाद के नेतृत्व में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग निंदनीय एवं अलोकतांत्रिक है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग की।

धरने में जलेस के सचिव डॉ. धर्मराज, संस्कृतिकर्मी सुनील आचार्य, साहित्यकार अंजू मिश्रा, पत्रकार विवेक मथुरिया, अर्पित जादौन, निहारिका चतुर्वेदी सहित अनेक लेखक, साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गौशाला के चौकीदार की कनपटी पर तमंचा रख ले गए गायें

**टीएनएफ टुडे, मथुरा।** थाना कोसीकला के गांव ऐंच में अस्थाई गौशाला में रात लगभग 5 से 6 अज्ञात गौ तस्करों ने गौशाला की चौकीदारी कर रहे महाराज सोरन दास को बंदी बनाया। फिर उसके सर पर तमंचा रख कर 10 से 12 गौवंशों को चढ़ाकर ले गए । ग्राम प्रधान हरिपाल सिंह ने कहा कि यह घटना अत्यंत गंभीर है।

सूचना मिलते ही थाना कोसीकलां पुलिस और व मौके पर पहुंचे। बदमाशों की धरपकड़ के लिए इलाके में नाकेबंदी की गई है। शाहपुर चौकी प्रभारी विनीत नेहरा ने कहा कि जांच की जा रही है। पुलिस गौशाला के आसपास और मुख्य रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि तस्करों के वाहन का सुराग लगाया जा सके।

# हाईवे पर बस ट्रक समेत चार वाहन आपस में भिड़े

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

■ सडक हादसे में एक यात्री की मौत, सात हुए घायल

दिल्ली आगरा हाईवे पर गुरुवार को हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि सात अन्य घायल हुए हैं। दुर्घटना मथुरा में नरहौली चौराहे पर हुई। जहां बस और ट्रक सहित चार वाहन आपस में टकरा गये। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार करीब 40 से 45 यात्रियों में चीख-पुकार मच गई।

नरहौली पुल के पास दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रक, मध्य प्रदेश की एक निजी बस, दूसरे ट्रक और एक कार की आपस में जबरदस्त टक्कर हो गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकालकर एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भिजवाया। हादसे में मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के सनावल थाना क्षेत्र के अटुर निवासी भास्कर राठौर की मौत हो गई। वहीं शीला, सुशील, अमर सिंह, मेछल, लक्ष्मण दास, सुंदरबाई और किशोर, जो सभी मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के निवासी हैं, घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना के चलते कुछ समय तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित रहा, जिसे बाद में पुलिस ने सुचारु रूप से बहाल करा दिया।

## गुरु पूर्णिमा के दिन बंद रहेंगी सीमावर्ती मदिरा की दुकानें

**टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट, लाइसेंस प्राधिकारी मथुरा चंद्र प्रकाश सिंह ने विश्व प्रसिद्ध मुड़िया पूर्णिमा मेला के अवसर पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि गोवर्धन नगर पंचायत व राधाकुण्ड नगर पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र के समीप संचालित आबकारी दुकानें 28 जुलाई को सायं पांच बजे से 29 जुलाई की सायं पांच बजे तक पूर्णतया बन्द करने के आदेश दिये हैं। बन्द होने वाली देशी मदिरा की दुकानों में गोवर्धन नम्बर-1, गोवर्धन डीग रोड, सकीतरा, राधाकुण्ड तिराहा के शराब के ठेके हैं। वहीं कम्पोजिट दुकानों में सकीतरा, गोवर्धन डीग रोड, राधाकुण्ड तिराहा, सौंख रोड गोवर्धन हैं। भांग की दुकानों में सकीतरा, जतीपुरा, सौंख रोड गोवर्धन, राधाकुण्ड शामिल हैं। गोवर्धन की एक माडलशाप भी बंद रहेगी।

# पेपर लीक, महंगाई और छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में कांग्रेसी पहुंचे तहसील

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में मांट तहसील पर महंगाई, भ्रष्टाचार, चढ़ावा/चंदा चोरी, जंतर मंतर पर छात्रों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज के विरोध में सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस कार्यकताओं के साथ मिल कर प्रदर्शन कर मांट तहसील का घेराव किया प्रदर्शनकारी नारे लगा रहे थे, कि जो सरकार पेपर लीक नहीं रोक सकती वह इस्तीफा दे। धर्मेंद्र प्रधान को बर्खास्त करो, राम मंदिर में हुई चोरी के लिए मोदी जवाब दो।

प्रदर्शन मांट में राधे कृष्णा फार्म हाउस के बाहर एकत्रित होकर से जुलूस के रूप में तहसील मुख्यालय गए तहसील मुख्यालय के दरवाजे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात थी और उसने प्रदर्शनकारियों को रोक वहां प्रदर्शन सभा में बदल गया। जिसे संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि भारत के भविष्य को अंधकार में डालने के लिए मोदी सरकार की कड़ा विरोध करते हैं जिस भाजपा सरकार ने शांतिपूर्ण अनशन कर रहे विद्यार्थियों पर बर्बरता पूर्ण लाठी चार्ज किया और जुल्म किया आगे कहा जो सरकार राम मंदिर का चढ़ावा चुराने वालों की संरक्षक है वह जनता को न्याय नहीं दे सकती है और दमन के बल पर संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है। कार्यक्रम का संचालन मांट ब्लॉक अध्यक्ष हरदेव सिंह ने किया बरोट प्रदर्शन में उपस्थित कांग्रेसजनों में पूर्व अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि शिवदत्त चतुर्वेदी हरिओम उपाध्याय गंगा शरण दीक्षित खचेर माल प्रधान करविंदर सिंह धर्मवीर सिंह सुशील कुमार सतीश चंद्र दुबे जयगोपल शर्मा चंद्र मोहन शर्मा सतवीर शर्मा प्रमोद पाठक हाशिम ह्यूमर रवि खरे अजीम शाह बालवीर प्रधान हाकिम सिंह छोकर टिंकू धनगर धर्मेंद्र सिंह प्रधान अमित दीक्षित राजेश सारस्वत उमेश शर्मा आसिफ कुरेशी ठाकुर भगवान सिंह दीपक सिंह डॉ आशुतोष भारद्वाज चंदप्रकाश सिंह मनीष चौधरी मोहित चौधरी लक्ष्मी नारायण दिलशाद खान राजेश कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जनों विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

# चंद्रशेखर आजाद का बलिदान राष्ट्र के लिए अमिट प्रेरणाः डॉ. आदित्यानंद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, वृन्दावन।



अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की जयंती अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद महाराज के सानिध्य में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. आदित्यानंद महाराज, ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं. बिहारी लाल वशिष्ठ, ब्रज प्रदेश महामंत्री पं. राजेश पाठक एवं महंत बाबा रामदास महाराज ने चंद्रशेखर आजाद के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया।

सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर डॉ. आदित्यानंद महाराज ने कहा कि अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि महापुरुषों के आदर्शों और बलिदानों का ऋण समाज कभी नहीं चुका सकता।ब्रज प्रदेश अध्यक्ष पं. बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद लोकतंत्र मजबूत हुआ, लेकिन समय के साथ जातिवाद, संप्रदायवाद और क्षेत्रवाद जैसी प्रवृत्तियों ने सामाजिक एकता को कमजोर किया है। उन्होंने समाज से महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने का आह्वान किया।महंत बाबा रामदास महाराज, ब्रज प्रदेश महामंत्री पं. राजेश पाठक एवं पं. बृजेश गिरी ने कहा कि आज आवश्यकता है कि युवा वर्ग चंद्रशेखर आजाद के साहस, राष्ट्रभक्ति और त्याग के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारे।वामन भगवान जन्म महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं. गोविंद शर्मा एवं पं. अनिल कृष्ण शास्त्री ने कहा कि देश का भविष्य युवा और छात्र हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान कर उनका भविष्य सुरक्षित करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।कार्यक्रम का संचालन बालो पंडित ने किया। इस अवसर पर संजय शर्मा, रामबाबू शर्मा, राज नारायण गौड़, राजीव शर्मा, श्रीहरि सुरेशाचार्य, रमेश चंद्र गौतम, मस्तराम, कन्हैया मिश्रा, करण कृष्ण गोस्वामी, पुनीत कुमार शर्मा, आचार्य गोपाल मिश्रा, राकेश गौड़, आशीष चतुर्वेदी, कैलाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दबंगों की दबंगई: प्रयाग पब्लिक स्कूल की बसें जलाने की धमकी, प्रबंधक से मारपीट का आरोप




टीएनएफ टुडे, करहल (मैनपुरी)।

करहल थाना क्षेत्र के ग्राम काजी खेड़ा में दबंगों द्वारा प्रयाग पब्लिक स्कूल के प्रबंधक के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि आरोपियों ने स्कूल की बसों को आग के हवाले करने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर करहल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रयाग पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अरुणेंद्र कुमार यादव ने करहल थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 22 जुलाई की शाम करीब 7:30 बजे वह स्कूल के पास खड़े थे। इसी दौरान पास के विनय यादव, पीयूष यादव तथा सुरेखा वहां पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि पीयूष यादव ने उन्हें पकड़कर जबरन खींचने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकियां दीं।

पीड़ित का कहना है कि घटना की सूचना डायल-112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपियों ने पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में भी अभद्रता और धमकी देना जारी रखा तथा मारपीट करने का प्रयास करते रहे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने स्कूल की बसों को जलाकर फूंक देने और रात में घर पहुंचकर जान से मारने की धमकी भी दी।

घटना के बाद प्रबंधक ने करहल थाने पहुंचकर एक महिला सहित दो पुरुषों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

यह मामला करहल थाना क्षेत्र के ग्राम काजी का है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थितियों में दो की मौत

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

अलग अलग स्थानों ने पर संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। उसके बाद परिजन शव को अपने घर ले गए।

देवेश कुमार 44 पुत्र रामसेवक निवासी भानूपुरा अरांव की गुरुवार को तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिजन शव को लेकर घर चले गए। वहीं ललिता प्रसाद 50 पुत्र श्रीराम निवासी सिरसागंज की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर आए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन उनका शव लेकर घर चले गए।

**विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है**

# जंतर-मंतर पर छात्रों पर लाठीचार्ज और विपक्षी नेताओं की नजरबंदी के विरोध में विपक्ष हमलावर, करहल के नेताओं ने उठाए सवाल

ऋषीकान्त दुबे।


विधायक तेज प्रताप यादव


पूर्व एमएलसी सुभाषचंद्र यादव


करहल चैयरमैन चौधरी अब्दुल नईम


पूर्व डीसीवी चैयरमैन डॉ रामकुमार यादव


एमएलसी मुकुल यादव

**करहल।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए विशाल धरना-प्रदर्शन के दौरान छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज तथा विभिन्न विपक्षी दलों के नेताओं को लगातार हाउस अरेस्ट किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला है। करहल क्षेत्र के विपक्षी नेताओं का कहना है कि लोकतंत्र में अपनी बात रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और विरोध की आवाज को बल प्रयोग तथा नजरबंदी के माध्यम से दबाना लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है।

विधायक तेज प्रताप यादव ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। उनका कहना है कि छात्र देश का भविष्य हैं और उनकी मांगों को सुनने के बजाय उन पर बल प्रयोग करना उचित नहीं है।

एमएलसी मुकुल यादव ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना अपराध नहीं है। यदि सरकार हर विरोध की आवाज को हाउस अरेस्ट और पुलिस कार्रवाई से दबाने का प्रयास करेगी तो जनता में असंतोष और बढ़ेगा। उन्होंने छात्रों के समर्थन में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

पूर्व एमएलसी सुभाषचंद्र यादव ने कहा कि छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय है। उनका आरोप है कि सरकार युवाओं के सवालों का जवाब देने के बजाय पुलिस बल का सहारा ले रही है। उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की।

वरिष्ठ सपा नेता पूर्व डीसीवी चैयरमैन डॉ रामकुमार यादव ने कहा कि विपक्षी नेताओं को लगातार हाउस अरेस्ट किया जाना लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विरोध करना संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार है और सरकार को संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालना चाहिए।

करहल चैयरमैन चौधरी अब्दुल नईम ने कहा कि छात्रों और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार को दमनात्मक कार्रवाई बंद कर प्रदर्शनकारियों से बातचीत करनी चाहिए। उनका आरोप है कि असहमति की हर आवाज को बलपूर्वक रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है।

विपक्षी नेताओं ने संयुक्त रूप से मांग की कि छात्रों पर हुए कथित लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो तथा विपक्षी नेताओं को हाउस अरेस्ट करने जैसी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। उनका कहना है कि लोकतंत्र में संवाद ही हर समस्या का सबसे बेहतर समाधान है और सरकार को दमन के बजाय बातचीत का रास्ता अपनाना चाहिए।

# 26 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित मैनपुरी दौरे को लेकर प्रशासन अलर्ट, सभा स्थल व हेलीपैड का किया निरीक्षण

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



26 जुलाई को प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मैनपुरी आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह अलर्ट है। कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर ने स्टेडियम स्थित सभा स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभा स्थल पर रूट डायवर्जन योजना की समीक्षा की तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही विभिन्न वाहन पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर उन्हें चिन्हित किया गया, ताकि कार्यक्रम के दौरान यातायात प्रभावित न हो और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के आगमन के लिए निर्धारित हेलीपैड का भी निरीक्षण किया और वहां सुरक्षा, आवागमन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। कार्यक्रम के सफल एवं सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सभी संबंधित बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

साथ ही अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएंगी और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी।

निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर एलआईयू, प्रभारी वीआईपी सेल, प्रभारी यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, मीडिया सेल प्रभारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। 26 जुलाई को होने वाले मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है।

# करहल में चला विद्युत चेकिंग अभियान, सात बिजली चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

टीएनएफ टुडे, करहल।



विद्युत विभाग द्वारा करहल क्षेत्र में चलाए गए विशेष विद्युत चेकिंग अभियान के दौरान बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान से क्षेत्र में बिजली चोरों के बीच हड़कंप मच गया।

जांच के दौरान सात उपभोक्ताओं को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया। विभागीय अधिकारियों की तहरीर पर सभी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 135 के तहत करहल थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिन लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई उनमें अंशुल पुत्र बेगम सिंह, दिनेश पुत्र हरिवंश सिंह निवासी नगला रामफल, पिंटू पुत्र शौकीन सिंह निवासी शैलामऊ, संगीता पत्नी दिनेश कुमार, संजीव पुत्र शौकीन सिंह, रविकांती पत्नी राजेंद्र सिंह तथा अनिता पत्नी राजेश कुमार निवासी नगला सेवाराम शामिल हैं।

विद्युत विभाग एसडीओ कैलाश यादव ने बताया कि बिजली चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभाग का विशेष चेकिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन का ही उपयोग करें और बिजली चोरी जैसी अवैध गतिविधियों से बचें। ऐसा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बरनाहल के गोटपुर उप स्वास्थ्य केंद्र पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, वर्षों से बंद होने का आरोप




टीएनएफ टुडे, बरनाहल/करहल।

विकासखंड बरनाहल के ग्राम गोटपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र वर्षों से बंद होने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने गुरुवार को प्रदर्शन कर स्वास्थ्य विभाग और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि उप स्वास्थ्य केंद्र पर एएनएम की तैनाती होने के बावजूद नियमित रूप से सेवाएं नहीं मिल रही हैं, जिससे क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं, बच्चों और अन्य मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों में संत कुमार यादव, शिवम कुमार, ठाकुर शिशुपाल सिंह, पवन कुमार, अवनीश कुमार, लज्जाराम, गंगादीन सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि उप स्वास्थ्य केंद्र झाड़ियों से घिरा हुआ है और लंबे समय से बंद पड़ा है।

उनका कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

ग्रामीणों का आरोप है कि केंद्र पर तैनात एएनएम सोनी कुमारी नियमित रूप से उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंचती हैं, जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को जांच और टीकाकरण जैसी मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए निजी अस्पतालों।

# भाजपा का हुआ विधानसभास्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित

**बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र पर पार्टी बूथ जीतने का करती है कार्यः भदौरिया**

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।



भारतीय जनता पार्टी का विधानसभास्तरीय बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन जानकी महल शिकोहाबाद में आयोजित किया गया । सम्मेलन की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने की । वहीं मुख्य अतिथि श्याम भदौरिया ( पूर्व जिलाध्यक्ष आगरा) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मंचासीन अतिथियों के स्वागत के उपरांत जिला संयोजक कन्हैयालाल गुप्ता ने प्रस्तावना रखी । मुख्य अतिथि श्याम भदौरिया ने संबोधित करते हुए बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथ को मजबूत करने का आवाहन किया। पन्ना प्रमुखों की रचना, बूथ पर निवास करने वाले विचार परिवार के समस्त लोगों की सूची बनाने, 70 वर्ष से अधिक की आयु के वरिष्ठजनों की सूची बनाने, समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों की सूची बनाने और उनके सतत संपर्क में रहने का मंत्र दिया। वहीं कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी मेरा बूथ सबसे मजबूत और बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र के आधार पर बूथ जीतने का कार्य करती है। मुख्य अतिथि ने मोदी सरकार एवं योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने में आमजन का सहयोग करने का आवाहन किया।

कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष नानक चंद्र अग्रवाल, बीएल वर्मा, पूर्व विधायक ओमप्रकाश वर्मा, भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ रामकैलाश यादव ने भी संबोधित किया । महानगर अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया । सम्मेलन में महानगर उपाध्यक्ष विष्णु सक्सेना, पूर्व मंत्री विवेक अग्रवाल, पालिकाध्यक्ष पति राजीव गुप्ता, रामनरेश कटारा, डॉक्टर एसपी लहरी, केशव सिंह फौजी, योगेंद्र सिंह बाबा, महामंत्री आनंद अग्रवाल, देवेश भारद्वाज, पूर्व नगर अध्यक्ष विशाल गुप्ता, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सुशील यादव, सत्य प्रकाश यादव, भारत सिंह वर्मा, नगर अध्यक्ष शिवम दीक्षित, अनार सिंह कुशवाहा, सुशील कुमार जैन, सत्यपाल सिंह चौहान, कैलाश ओझा, किरण राठौर, आकाश गुप्ता, मनीष राठौर, राजेश झा, आलोक राठौर, अजीत सिंह, गोपाल शर्मा, रश्मि यादव, अनुपम शर्मा, नीता धनगर रुचि चतुर्वेदी, मालती धनगर आदि के साथ-साथ विधानसभा के समस्त बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। संचालन महानगर महामंत्री देवेश भारद्वाज ने किया ।

# सड़क हादसे में 3 लोग घायल

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद।

नेशनल हाईवे रूपसपुर के पास बाइक सवार दो युवकों को एक वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए।घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। रवि प्रताप पुत्र मनीलाल निवासी दखिनारा अपने साथी कृष्णा पुत्र जयप्रकाश के साथ बाइक से अपने गांव आ रहे थे। रूपसपुर के पास उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी।

हादसे में दोनों युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं अन्य हादसे में पारस पुत्र बच्चन सिंह इन्दुमई के पास घायल हो गया।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय ध्यान योग शिविर का ब्रह्मभोज के साथ समापन

टीएनएफ टुडे, करहल।




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, करहल स्थित ज्ञान सरिता भवन में आयोजित तीन दिवसीय ध्यान योग कार्यक्रम का समापन गुरुवार को ब्रह्मभोजन के साथ हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों ने सहभागिता कर राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास किया।

समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी मुकुल यादव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ध्यान और योग व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे कार्यक्रम समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का संदेश देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों को राजयोग मेडिटेशन कराया गया। वक्ताओं ने बताया कि नियमित ध्यान एवं योग से व्यक्ति की दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव आता है, तनाव कम होता है तथा जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और आत्मिक शांति का विकास होता है।

ब्रह्माकुमारी संस्था की निधि बहन, तेजस्वी बहन एवं सुनीता बहन ने आध्यात्मिक जीवन, सकारात्मक सोच और ध्यान योग के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने ब्रह्मभोजन ग्रहण किया।

इस अवसर पर राममोहन, रामदास, डॉ. चंद्रशेखर तिवारी, उदयवीर सिंह यादव, डॉ. श्वेता, शालिनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना के साथ किया गया।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई

टीएनएफ टुडे, फिरोजाबाद।



जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण/शहरी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी) के अंतर्गत आवास आवंटन एवं प्रगति की गहन समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार आवास आवंटन के लक्ष्यों में असमानता पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आवंटन केवल आंकड़ों के आधार पर न होकर जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति एवं वास्तविक मांग के लॉजिकल फॉमूर्ले पर आधारित होना चाहिए।

मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजन, निराश्रित विधवाओं, दैवीय आपदा पीड़ितों तथा जीरो पावर्टी (शून्य गरीबी) श्रेणी के परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आवास आच्छादित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार पेंशन पावतियों (विधवा एवं दिव्यांग पेंशन) की सूची से मिलान कर वास्तविक जरूरतमंदों का भौतिक सत्यापन कराएं ताकि कोई भी पात्र छूटने न पाए।

प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस के तहत डिस्प्यूटेड (विवादित) अथवा एआई द्वारा चिन्हित मामलों का पारदर्शिता से पुनः सत्यापन कराकर नियमानुसार निस्तारण एवं आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए गए।

डूडा की समीक्षा के दौरान शहर क्षेत्र में लंबित आवेदनों के त्वरित सत्यापन एवं निकायवार डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि "प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद के प्रत्येक बेघर, दिव्यांग एवं अत्यंत गरीब परिवार को एक सुरक्षित छत मिल सके। आवास आवंटन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"

# पशुओं में खुरपका-मुंहपका रोकने को होगा टीकाकरण




टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- सीडीओ ने जागरूकता का लिए टीमों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- अभियान को सफल बनाने का लिए संबंधितों को दिए निर्देश

राष्ट्रीय पशुरोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले मेमें खुरपका-मुंहपका रोग टीकाकरण अभियान के आठवें चरण का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर टीकाकरण टीमों को रवाना किया गया।अभियान के सफल की सफल बनाने के लिए जनपद के सभी विकास खंडों में कुल 4,67,000 वैक्सीन वितरित कर टीकाकरण टीमों को रवाना किया गया।

अभियान के अंतर्गत जिले के गोवंश एवं भैंस वंशीय पशुओं का व्यापक स्तर पर खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव के लिए निःशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने जनपद के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने सभी पात्र पशुओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं तथा टीकाकरण टीमों को पूरा सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण से पशुओं को खुरपका-मुंहपका जैसी संक्रामक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है, जिससे पशुधन की उत्पादकता एवं किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

इस दौरान मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी राजेश चौरसिया, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. महेंद्र वर्मा, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. ब्रजकिशोर उपाध्याय सहित समस्त पशुधन प्रसार अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी को लगी पैर में गोली एक फरार जवाबी कार्रवाई जारी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। #कोतवाली नगर पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक, रात करीब एक बजे गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध युवक चोरी की बाइक पर शिकोहाबाद रोड पर घूम रहे हैं। पुलिस ने गंगनपुर के पास उन्हें रोकने का प्रयास किया, लेकिन बदमाशों ने भागते हुए पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में सौरभ उर्फ छोटू के पैर में गोली लगी और वह





घायल होकर गिर पड़ा।

गिरफ्तार बदमाश की पहचान काशीराम कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय सौरभ उर्फ छोटू के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध 315 बोर तमंचा, एक जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस, चोरी की पैशन प्रो बाइक, लूटे गए दो मोबाइल फोन और 4,500 रुपये नकद बरामद किए हैं।

पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी राहुल के साथ मिलकर 18 जुलाई को हाथी गेट के पास दो मोबाइल और नकदी लूटने की वारदात कबूल की है।

इस मामले में पहले से मुकदमा दर्ज है।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, सौरभ पर लूट, अवैध हथियार और गैंगस्टर एक्ट समेत कई गंभीर आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही है।

# मुडिया मेला और गुरु पूर्णिमा पर चलेगी मेला स्पेशल

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- कासगंज से मथुरा के बीच 26 से 29जुलाई तक होगा संचालन
- यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत रेल प्रशासन ने लिया निर्णय

गुरु पूर्णिमा मुड़िया मेला पर यात्रियों की संभावित भीड़ के मद्देनजर रेल प्रशासन ने मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिए है। यह मेला स्पेशल कासगंज और मथुरा के बीच चलाई जाएगी।

गाड़ी संख्या 05307एवं 05308का संचालन 26से 29जुलाई तक प्रति दिन होगा। यह ट्रेन चार फेरे लगाएगी। ट्रेन रात 12.40पर कासगंज स्टेशन से चलकर हाथरस अचनेरा होती हुई सुबह 3.30पर मथुरा पहुंचेगी गिर 4.50पर मथुरा से चलकर सुबह 7.30पर कासगंज पहुंचेगी इस ट्रेन में कुल 14अनारक्षित कोच होंगे इसमें सामान्य, द्वितीय श्रेणी, शयनयान, और एसएलआर कोच शामिल होंगे। इसके अलावा गाड़ी संख्या 55335एवं 55336को 26से लेकर 29जुलाई के लिए गंगापुर सिटी तक बढ़ाया जाएगा।

जो वाया हिंडन सिटी होते हुए गंगापुर सिटी पहुंचेगी अगले दिन वापसी में यह गाड़ी निर्धारित स्टेशनों से होते हुए कासगंज पहुंचेगी।

# निर्माण एवं विकास कार्यों में लाई जाए तेजी: सीडीओ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- मुख्य विकाश अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा
- धीमी प्रगति वाले विभागों को कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।

सीडीओ वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वे कार्यों में तेजी लाते हुए समयबद्ध रूप से पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सके।

बैठक में सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद के 54 कार्यक्रम ए श्रेणी, 02 कार्यक्रम बी श्रेणी, 03 कार्यक्रम सी श्रेणी तथा 04 कार्यक्रम डी श्रेणी में हैं। वर्तमान में जनपद को 62वीं रैंक प्राप्त हुई है।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को नई सड़कों के निर्माण एवं व्यय में वृद्धि करने, जिला पंचायत राज अधिकारी को 15वं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि का नियमानुसार व्यय बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत मिशन (फेज-2) के अंतर्गत शौचालयों की जियो टैगिंग 25 जुलाई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, उपायुक्त एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, डीआरडीए को लक्षित लाभार्थियों की फैमिली आईडी शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन की प्रगति 98 प्रतिशत तक पहुंचाने तथा मुख्य चिकित्साधिका को भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य में तेजी लाने को कहा।

# महिला थाने पहल से टूटा परिवार फिर से जुड़ा काउंसलिंग के माध्यम से निपटा पारिवारिक विवाद

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, हाथरस।

महिला थाने की पहले से टूटा परिवार फिर से जुड़ा रितु तोमर की काउंसलिंग से परिवार विवाद शांतिपूर्ण तरीके से समझ लिया गया इस पूरे मामले में महिला थाना प्रभारी रितु तोमर कि भूमिका महत्वपूर्ण रही जिन्होंने अपनी समझाएं और प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच चल रहे मन मुटाव को समाप्त कराया मामले के अनुसार .श्रीमान जी रजनी पत्नी विनोद निवासी काशीराम कॉलोनी थाना कोतवाली सदर जिला हाथरस ने 22/07/2026 को अपने पति विनोद पुत्र सोहनलाल निवासी काशीराम कॉलोनी जिला हाथरस के खिलाफ एक शिकायती प्रार्थना पत्र महिला थाना हाथरस में दिया था जिसमें मिशन शक्ति फेस 5 के तहत दोनों पक्षों को थाना हाजा पर बुलाकर काउंसलिंग कराई गई तो शिकायतकर्ता में बताया कि मेरे पति व ससुरालीजन मारपीट व गाली गलौज तथा अभद्र भाषा का



प्रयोग करते हैं श्रीमाने जी आवेदिका व उसके पति व ससुरालीजनो से वार्ता की गई तो उनका कहना है कि हम आज के बाद मारपीट व गाली गलौज नहीं करेंगे श्रीमान जी दोनों पक्षों में से कोई भी पुलिस कार्यवाही की अपेक्षा नहीं रखते काउंसलिंग के दौरान जीतू तोमर ने दोनों पक्षों की बातों को विस्तार से सुना और उन्हें आपसी समझदारी से जीवन बिताने के लिए प्रेरित किया पुलिस की सकारात्मक पल के पास पति और ससुराली जनों में अपनी गलतियों को स्वीकार किया और भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्व्यवहार न करने का भरोसा दिया वहीं पीड़िता ने भी आपसी सहमति से विवाद को खत्म करने की इच्छा जताई दोनों पक्षों ने कानून कार्रवाई के वजह आपसी समझौते को स्वीकार किया और साथ में रहने का निर्णय लिया।

# दो पीड़ितों के खातों में लौटे 66231 रुपये

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने कुल 66231 रुपये की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस कराई है। इसमें थाना सकरौली साइबर हेल्प डेस्क ने 60 हजार रुपये जबकि थाना बागवाला साइबर हेल्प डेस्क ने 6231 रुपये वापस दिलाए हैं।

अभियान के तहत साइबर हेल्प डेस्क टीमों ने शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया। प्रभावी पैरवी के बाद दोनों मामलों में कुल 66231 रुपये की धनराशि पीड़ितों के खातों में वापस करा दी गई। धनराशि वापस मिलने पर दोनों पीड़ितों ने पुलिस और संबंधित थाना साइबर हेल्प डेस्क टीम का आभार व्यक्त किया।

# निर्माण एवं विकास कार्यों में लाई जाए तेजी: सीडीओ

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

- मुख्य विकाश अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा
- धीमी प्रगति वाले विभागों को कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।

सीडीओ वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वे कार्यों में तेजी लाते हुए समयबद्ध रूप से पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सके।

बैठक में सीडीओ ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।समीक्षा के दौरान बताया गया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर जनपद के 54 कार्यक्रम ए श्रेणी, 02 कार्यक्रम बी श्रेणी, 03 कार्यक्रम सी श्रेणी तथा 04 कार्यक्रम डी श्रेणी में हैं। वर्तमान में जनपद को 62वीं रैंक प्राप्त हुई है।

मुख्य विकास अधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को नई सड़कों के निर्माण एवं व्यय में वृद्धि करने, जिला पंचायत राज अधिकारी को 15वं वित्त एवं पंचम राज्य वित्त आयोग की धनराशि का नियमानुसार व्यय बढ़ाने तथा स्वच्छ भारत मिशन (फेज-2) के अंतर्गत शौचालयों की जियो टैगिंग 25 जुलाई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, उपायुक्त एनआरएलएम, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, डीआरडीए को लक्षित लाभार्थियों की फैमिली आईडी शीघ्र बनवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन की प्रगति 98 प्रतिशत तक पहुंचाने तथा मुख्य चिकित्साधिका को भी लक्ष्य प्राप्ति के लिए कार्य में तेजी लाने को कहा।

# जंतर-मंतर: शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट में पुलिस की बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज से गहराया आक्रोश: राजू आर्य

## निहत्थे युवाओं पर लाठी चार्ज से चहुंओर बढ़ रहा जनाक्रोश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले दो दिनों में हुए छात्र प्रदर्शनों के दौरान पुलिस द्वारा किए गए बल प्रयोग और लाठीचार्ज को लेकर एटा जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं हिंदूवादी नेता राजू आर्य गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि देशभर में बार-बार पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों को लेकर लोगों में भारी आक्रोश है। अभिजीत दिपके जैसे तमाम छात्रों ने जब इसका विरोध मुखर किया और धरने पर बैठ गए, तो सरकार को तानाशाही रवैया त्यागकर प्रदर्शनकारियों से बात करनी चाहिए थी, बल्कि उनपर पुलिसिया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज करवा दिया।

शुरू से जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट चल रहा था, लेकिन यह सरकार की तानाशाही है कि उनपर लाठीचार्ज करवाया। जिसमें लड़कियों और बुजुर्ग महिलाओं, बच्चों तक को बर्बरता से पीटा गया। फलस्वरूप वहां प्रदर्शनकारी उग्र हो गए और वहां से जो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं, उसमें देख सकते हैं पुलिस ने कितनी बर्बरता से प्रदर्शनकारियों के सिर तक फाड़ दिए।

राजू आर्य ने कहा कि पेपर लीक, उच्च शिक्षा में भ्रष्टाचार और नीट जैसे मुद्दों को लेकर युवा, छात्र, महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता संसद मार्च निकालने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए जंतर-मंतर पर एकत्र हुए थे, वो सिर्फ शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ही तो मांग रहे थे, सरकार को नैतिकता के आधार पर प्रदर्शनकारियों की बात मानकर मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा ले लेना चाहिए था, अगर सरकार ने समय रहते इस्तीफा ले लिया होता तो आज ऐसी स्थिति ही ना बनती और देश की अंतराष्ट्रीय स्तर पर बेइज्जती होने से बच जाती।

लोकतंत्र में अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्वक प्रदर्शन करना नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है, वहीं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सुरक्षा एजेंसियों की जिम्मेदारी होती है। हालांकि, छात्रों और बच्चों पर अत्यधिक बल प्रयोग के इन दृश्यों ने शासन और नागरिकों के बीच के संवाद पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अज्ञात वाहन ने अधेड़ को मारी टक्कर, मौत

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, अलीगंज।

- फतेहगढ़ से एक कार्यक्रम में भाग लेकर घर वापस लौट रहा था युवक

मंगलवार की शाम 5:00 बजे एक अज्ञात वाहन की चपेट में एक अधेड़ की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब वह फतेहगढ़ निवासी अपने चचिया ससुर के यहां हुए एक कार्यक्रम के बाद घर लौट रहा था। राहगीरो का कहना है कि अज्ञात वाहन की स्पीड बहुत तेज थी। वाहन चालक टक्कर मार के मौके से हुआ ?फरार। घटना सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु लोहिया अस्पताल भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीगंज क्षेत्र के ग्राम अमरोली रतनपुर निवासी 35 वर्षीय जितेंद्र पुत्र सूबेदार फतेहगढ़ निवासी अपने चचिया ससुर के यहां हुए जन्म दिवस के कार्यक्रम से लौट रहा था। जैसे ही वह अमरोली रोड महमूदपुर भट्टा के पास थाना नवाबगंज पहुंचा ।तभी अलीगंज की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही है अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।टक्कर इतनी भयानक थी कि जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

राहगीरो ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। थाना पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला लोहिया अस्पताल में भेजा है। राहगीरों का कहना है की एक अज्ञात वाहन जो बहुत ही स्पीड से आ रहा था और उसने टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और गाड़ी चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। वही घटना को लेकर परिवार जनों में रो-रो के बुरा हाल है।

# बूथ जीतो-चुनाव जीतो' की दी नजीर, लिया संकल्प

## चारों विधानसभाओं में आयोजित हुए ऐतिहासिक बूथ सम्मेलन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, एटा।

- कार्यकर्ताओं में भरा चुनावी हुंकार का जोश

भारतीय जनता पार्टी द्वारा एटा जनपद की चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक साथ प्रातः 11:00 बजे भव्य एवं ऐतिहासिक 'बूथ सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, देवतुल्य बूथ अध्यक्षों और कार्यकताओं की भारी उपस्थिति ने सम्मेलनों को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों, क्षेत्रीय विधायकों और जिलाध्यक्ष ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने का संकल्प दिलाया।

विधानसभा वार कार्यक्रम विवरण एवं जनप्रतिनिधियों का संबोधन

1. एटा विधानसभा

स्थानः सीमा पैलेस, आसपुर करतला रोड, एटा

मुख्य अतिथिः श्री विवेक सारस्वत (पूर्व महानगर अध्यक्ष, अलीगढ़)

मुख्य अतिथि श्री विवेक सारस्वत ने कहाः

"बूथ अध्यक्ष ही भारतीय जनता पार्टी की वास्तविक रीढ़ हैं। जब हमारा 'बूथ सबसे मजबूत' होता है, तो कोई भी राजनीतिक ताकत हमें परास्त नहीं कर सकती। केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है।"

एटा विधायक श्री विपिन कुमार वर्मा (डेविड) का संबोधनः

"एटा विधानसभा की जनता का विश्वास और हमारे कार्यकताओं का परिश्रम ही हमारी पूँजी है। विगत वर्षों में एटा में जो विकास कार्य हुए हैं, वे अभूतपूर्व हैं। हर कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर 51% से अधिक वोट शेयर हासिल करने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरें।"

2. मारहरा विधानसभा

स्थानः भाजपा कार्यालय, जी.टी. रोड, एटा

मुख्य अतिथिः श्री शरद माहेश्वरी (पूर्व जिलाध्यक्ष, हाथरस)*

मुख्य अतिथि श्री शरद माहेश्वरी ने कहाः*

"अनुशासन और समर्पण ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। आज जिस तरह से मारहरा में अपार जनसैलाब उमड़ा है, वह इस बात का प्रमाण है कि जनता एक बार फिर भाजपा के सुशासन पर मुहर लगाने जा रही है।"

मारहरा विधायक श्री वीरेंद्र सिंह लोधी का संबोधनः*

"मारहरा की देवतुल्य जनता और कर्मठ कार्यकताओं के बल पर क्षेत्र में विकास की नई इबारत लिखी गई है। सड़कों, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों को जनता भली-भांति जानती है। बूथ स्तर की मजबूती से ही हम अपनी जीत का रिकॉर्ड फिर से दोहराएंगे।"

3. अलीगंज विधानसभा

स्थानः एस.पी.एस. गेस्ट हाउस, मैनपुरी रोड, अलीगंज

मुख्य अतिथिः ठा. गोपाल सिंह (पूर्व जिलाध्यक्ष, अलीगढ़)

मुख्य अतिथि ठा. गोपाल सिंह ने कहाः

"भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार परिवार है। बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख हमारे इस परिवार के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। राष्ट्रनिर्माण और अंत्योदय का संकल्प ही हमारी प्राथमिक ऊर्जा है।"

अलीगंज विधायक श्री सत्यपाल सिंह राठौर का संबोधनः

"अलीगंज विधानसभा क्षेत्र में सुरक्षा, सुशासन और विकास का जो माहौल बना है, उससे जनता में अभूतपूर्व उत्साह है। विरोधी दलों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। हमारे कार्यकर्ता प्रत्येक मतदाता से संपर्क साधकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।"

जलेसर विधानसभा

स्थानः पाम ट्री रिसोर्ट, पटना जलेसर

मुख्य अतिथिः श्री राजीव अग्रवाल (वरिष्ठ भाजपा नेता, अलीगढ़)

मुख्य अतिथि श्री राजीव अग्रवाल ने कहाः

"जलेसर की इस पवित्र धरा पर कार्यकर्ताओं का यह उत्साह यह दशार्ने के लिए काफी है कि पार्टी का जनाधार कितना व्यापक हो चुका है। बूथ प्रबंधन ही हमारी जीत की कुंजी है और इसे हमें अंतिम दिन तक पूरी सतर्कता से संभालना है।"

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, कासगंज।

डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी कांवड़ यात्रा के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं, विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने कहा कि यात्रा मार्गों पर स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं सुरक्षा के सभी प्रबंध समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किए जाएं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। जहां-जहां भंडारा शिविर लगाए जाएं, वहां सीसीटीवी कैमरे एवं डस्टबिन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही यात्रा मार्गों पर कहीं भी जलभराव की स्थिति न रहे तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कांवड़ भरने वाले हमारे अतिथि हैं, उनका दिल से स्वागत एवं सम्मान किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा मार्गों एवं प्रमुख पड़ावों पर पर्याप्त संख्या में मेडिकल कैंप स्थापित किए जाएं। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का स्वयं निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वीरेन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भारत ने जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया

**वैभव ने 19 गेंदों में बनाया अर्धशतक, मयंक यादव ने दो विकेट लेकर वापसी को बनाया यादगार**



एजेंसी, हरारे।

15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के रिकॉर्डतोड़ अर्धशतक और तेज गेंदबाज मयंक यादव की शानदार वापसी की बदौलत भारत ने गुरुवार को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मुकाबले में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हरा दिया। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत की यह पहली जीत रही, जबकि इस जीत के साथ टीम इंडिया ने सीरीज में 1-0 की बढ़त भी हासिल कर ली। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे को 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन पर रोक दिया। जवाब में भारत ने 13.2 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

**वैभव ने 19 गेंदों में मचाया तूफान**

126 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और अभिषेक शर्मा केवल एक रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद वैभव सूर्यवंशी ने आते ही मैच का रुख बदल दिया। बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज ने शुरूआत से ही आक्रामक तेवर अपनाए और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों पर जमकर हमला बोला।

वैभव ने रिचर्ड एनगरावा और ब्लेसिंग मुजारबानी जैसे अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ शानदार शॉट लगाए। उन्होंने महज 19 गेंदों में चार चौकों और चार छक्कों की मदद से 50 रन ठोक दिए। उनका अर्धशतक सिर्फ 18 गेंदों में पूरा हुआ। अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद वह आउट हो गए, लेकिन तब तक मैच पूरी तरह भारत की पकड़ में आ चुका था। उनके आउट होने के बाद ईशान किशन ने 24 गेंदों में 35 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि कप्तान श्रेयस अय्यर 24 गेंदों में 28 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत ने 40 गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

### मयंक यादव की यादगार वापसी

करीब 21 महीने बाद वापसी करते हुए तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी वापसी को खास बना दिया। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर ब्रायन बेनेट को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराकर भारत को शानदार शुरूआत दिलाई। अंपायर ने बल्लेबाज को नॉट आउट दिया था, लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। इसके साथ ही मयंक टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज बन गए। उनसे पहले यह उपलब्धि अर्शदीप (टी20 विश्व कप 2024 बनाम अमेरिका) और हार्दिक पांड्या (एशिया कप 2025 बनाम पाक) ने हासिल की थी। 145 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से लगातार गेंदबाजी करने वाले मयंक ने चार ओवर में सिर्फ 18 रन देकर दो विकेट झटके। उन्होंने डियन मायर्स को भी अपनी तेज रफ्तार से परेशान करते हुए पवेलियन भेजा और चोट से वापसी के बाद अपनी फिटनेस और गति दोनों का शानदार परिचय दिया।

### भारतीय गेंदबाजों ने कसा शिकंजा

भारतीय गेंदबाजों ने शुरूआत से ही जिम्बाब्वे पर दबाव बनाए रखा। मयंक यादव ने पहली गेंद पर विकेट लेकर मेजबान टीम को झटका दिया, जबकि प्रिंस यादव ने भी शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट लिए। शिवम दुबे और रवि बिश्नोई को एक-एक सफलता मिली। डेब्यू कर रहे अशोक शर्मा ने शुरूआती ओवर में रन जरूर खर्च किए, लेकिन बाद में अच्छी वापसी की।

जिम्बाब्वे की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 32 रन तक अपने चार प्रमुख बल्लेबाज गंवा दिए। ब्रायन बेनेट (0), बेन करन (10), डियन मायर्स (6) और कप्तान सिकंदर रजा (4) सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद रयान बर्ल (26), वेस्ली मधेवेरे (38) और तादिवानाशे मारुमानी (नाबाद 27) ने कुछ संघर्ष किया, लेकिन टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 125 रन ही बना सकी।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का सबसे युवा अर्धशतकवीर बने वैभव

इस मुकाबले में वैभव सूर्यवंशी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। 15 साल और 118 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़कर वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पचास रन बनाने वाले दुनिया के सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। उन्होंने जिब्राल्टर के लुई ब्रूस (16 वर्ष 56 दिन) का रिकॉर्ड तोड़ा।
वैभव पहले ही 15 साल और 99 दिन की उम्र में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण कर सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ते हुए सबसे युवा भारतीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर बन चुके हैं। इंग्लैंड दौरे पर लगातार तीन छोटी पारियों के बाद हरारे में उन्होंने साबित कर दिया कि उन्हें भविष्य का सितारा क्यों माना जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि इसी मैदान पर उन्होंने इस साल अंडर-19 विश्व कप फाइनल में 175 रन की ऐतिहासिक पारी खेली थी और अब यहीं अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला अर्धशतक भी जड़ दिया।

# कॉमनवेल्थ गेम्स शुरू होने से पहले ही भारत की बढ़ीं मुश्किलें; दो खिलाड़ी बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली।

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 शुरू होने से ठीक पहले भारतीय दल को बड़ा झटका लगा है। डोपिंग नियमों के उल्लंघन (Anti-Doping Rule Violations) के कारण भारत का वेटलिफ्टिंग कोटा घटा दिया गया है। इसके चलते वेटलिफ्टर दिलबाग सिंह को टीम से बाहर होना पड़ा। वहीं, भारतीय जूडो खिलाड़ी अरुण कुमार भी डोप टेस्ट में फेल होने के बाद खेलों से बाहर हो गए हैं।



**डोपिंग उल्लंघनों के कारण घटा भारत का कोटा**

भारतीय वेटलिफ्टिंग महासंघ ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए 12 सदस्यीय टीम चुनी थी, जिसकी अगुआई ओलंपिक रजत पदक विजेता मीराबाई चानू कर रही हैं। हालांकि, गेम्स से ठीक पहले भारत को सूचना मिली कि डोपिंग उल्लंघनों के चलते देश का वेटलिफ्टिंग कोटा 12 से घटाकर 11 कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, महासंघ को इस कटौती की जानकारी बुधवार को ही मिली। इसके बाद टीम में बदलाव करते हुए दिलबाग सिंह को बाहर करने का फैसला लिया गया।

### दिलबाग सिंह की चोट भी बनी वजह

सूत्रों ने बताया कि दिलबाग सिंह पहले से पीठ की चोट से जूझ रहे हैं। बर्मिंघम में लगे तैयारी शिविर के दौरान भी वह अभ्यास नहीं कर सके थे। ऐसे में कोटा कम होने के बाद उन्हें टीम से हटाने का निर्णय लिया गया।

### इन खिलाड़ियों के डोपिंग मामलों का पड़ा असर

भारत के वेटलिफ्टिंग कोटे में कटौती की वजह क्वालिफिकेशन अवधि के दौरान सामने आए कई डोपिंग मामले हैं। पुरुष वर्ग में एन अजित (71 किग्रा), साईराज परदेशी (88 किग्रा) और हरचरण सिंह (110 किग्रा) डोपिंग के कारण प्रतिबंधित हुए थे। इसके अलावा महिला वेटलिफ्टर वंशिता वर्मा (86 किग्रा) पर भी एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ था। इन लगातार मामलों के कारण भारतीय वेटलिफ्टिंग को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान उठाना पड़ा।

### जूडो खिलाड़ी अरुण कुमार भी डोप टेस्ट में फेल

भारत को दूसरा झटका जूडो से लगा। स्टार जूडो खिलाड़ी अरुण कुमार प्रतियोगिता से बाहर हो गए हैं। आउट-ऑफ-कॉम्पिटिशन डोप टेस्ट में उनके नमूने में एनाबॉलिक स्टेरॉयड पाया गया, जिसके बाद उन्हें कॉमनवेल्थ गेम्स से हटाना पड़ा। कॉमनवेल्थ गेम्स में जूडो प्रतियोगिताएं 31 जुलाई से शुरू होंगी और अरुण कुमार भारत के प्रमुख दावेदारों में शामिल थे।

### भारत की पदक उम्मीदों को झटका

कॉमनवेल्थ गेम्स में वेटलिफ्टिंग भारत के सबसे सफल खेलों में से एक रहा है। ऐसे में कोटा कम होना और एक प्रमुख जूडो खिलाड़ी का बाहर होना भारत की पदक संभावनाओं पर असर डाल सकता है। हालांकि, मीराबाई चानू, बिंदियारानी देवी और अन्य अनुभवी खिलाड़ी अब भी भारत की उम्मीदों का केंद्र बने हुए हैं।

# मनोरंजन

## 'मुझे खुद पर शक था', यूलिया वंतूर ने बताया जब सलमान खान ने बढ़ाया उनका हौसला

रोमानिया की मॉडल, सिंगर और एक्ट्रेस यूलिया वंतूर आज भारतीय मनोरंजन जगत में जाना-पहचाना नाम हैं। हालांकि, भारत में उनकी पहचान अक्सर सलमान खान के साथ जुड़ी खबरों से भी होती रही है, लेकिन यूलिया की अपनी एक अलग कहानी है। एक समय ऐसा भी था, जब उन्हें खुद अपनी आवाज और हिंदी में गाने को लेकर भरोसा नहीं था। उस दौर में सलमान खान ने उनकी क्षमता पर भरोसा जताया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए हौसला दिया। यूलिया ने खुद कई इंटरव्यू में बताया है कि सलमान के भरोसे ने उन्हें अपने टैलेंट को पहचानने में मदद की। यूलिया वंतूर का जन्म 24 जुलाई 1980 को रोमानिया में हुआ था। बचपन से ही उनका झुकाव ग्लैमर और मीडिया की दुनिया की तरफ था। उन्होंने महज 15 साल की उम्र में मॉडलिंग शुरू कर दी थी और धीरे-धीरे रोमानिया में अपनी पहचान बनाई।

मॉडलिंग के बाद यूलिया ने टीवी की दुनिया में कदम रखा। वह रोमानिया की जानी-मानी टीवी एंकर बनीं और कई लोकप्रिय लाइव शो होस्ट किए। उन्होंने न्यूज एंकर के तौर पर भी काम किया। टीवी में उनके काम के लिए उन्हें कई सम्मान और पुरस्कार भी मिले। यूलिया ने एक इंटरव्यू में अपनी शुरूआत को याद करते हुए बताया था कि जब वह सिर्फ 19 साल की थीं, तब पहली बार न्यूज रूम पहुंची थीं। उन्होंने एंकर की नौकरी के लिए अप्लाई किया था। शुरूआत में उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका सलेक्शन होगा, लेकिन उनकी प्रतिभा देखकर जॉब मिल गई और यहीं से उनका टीवी में सफर शुरू हुआ। भारत आने के बाद यूलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती नई भाषा और नई इंडस्ट्री थी। शुरूआत में लोग उन्हें सलमान खान से जुड़ी शख्सियत के तौर पर ज्यादा जानने लगे थे। यूलिया और सलमान खान की मुलाकात साल 2010 में डबलिन में हुई थी, जहां सलमान अपनी फिल्म 'बॉडीगार्ड' की शूटिंग कर रहे थे। इसके बाद दोनों की दोस्ती की चर्चा होने लगी। यूलिया ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके लिए सिंगिंग में कदम रखना आसान नहीं था। उन्हें हिंदी में गाने को लेकर खुद पर विश्वास नहीं था। लेकिन, सलमान ने उनकी आवाज और मेहनत पर भरोसा किया।

सलमान खान ने यूलिया को गाने के लिए प्रेरित किया और उनका आत्मविश्वास बढ़ाया। इसके बाद यूलिया ने उनकी फिल्म 'राधेः योर मोस्ट वांटेड भाई' के गाने 'सीटीमार' में अपनी आवाज दी। इसके अलावा, उन्होंने कई अन्य म्यूजिक प्रोजेक्ट्स में भी काम किया और सिंगर के तौर पर अपनी पहचान बनाई।

यूलिया ने अभिनय की दुनिया में भी कदम रखा। वह फिल्म 'राधा क्यों गोरी मैं क्यों काला' से बॉलीवुड डेब्यू करने वाली थीं, हालांकि यह फिल्म रिलीज नहीं हो पाई। इसके बाद वह शॉर्ट फिल्म 'इकोज ऑफ अस' में नजर आईं।



## 'किल' के बाद बदल गया लोगों का नजरिया, बोले राघव जुयाल

एक वक्त था, जब ज्यादातर लोग राघव जुयाल को डांसर, एंकर या टीवी चेहरे के तौर पर जानते थे। फिर साल 2024 में आई फिल्म 'किल'। इसमें निभाए उनके किरदार ने न सिर्फ ऑडियंस को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री को भी उन्हें नए नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। अब राघव पहली बार फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में लीड हीरो बनकर बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे सफर में अगर कोई चीज उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है, तो वह माता-पिता के चेहरे पर दिखने वाला गर्व है। अमर उजाला से खास बातचीत में राघव ने अपने 16 साल लंबे संघर्ष, 'किल' के बाद बदली पहचान, मलयालम अभिनेता फहाद फासिल के मैसेज, पहली लीड फिल्म और परिवार के साथ जुड़ी भावुक यादों पर खुलकर बात की।

**'किल' के बाद पहली बार लगा कि लोगों की नजर बदल गई**

राघव कहते हैं कि संघर्ष उन्होंने पहले भी किया था, लेकिन 'किल' के बाद पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि लोग उन्हें अलग नजर से देखने लगे हैं। 'जब आप एक कदम आगे बढ़ते हो तो सबको प्रूव करना पड़ता है। मां-बाप को भी और इंडस्ट्री को भी। मुझे भी प्रूव करना पड़ा। 'किल' के बाद मेरे लिए लोगों का परसेप्शन रातों-रात बदल गया। ऐसा बदलाव मैंने अपने एक्सपीरियंस में पहले कभी नहीं देखा था। कपिल शर्मा भाई ने भी मुझसे कहा था कि 'जो परसेप्शन चेंज तू कर रहा है, वो बहुत अलग है।' टीवी इंडस्ट्री के जितने भी लोग थे, सबने फोन किया। सब कह रहे थे कि पता नहीं क्यों, लेकिन ऐसा लग रहा था कि हमने भी ये क्रैक कर दिया। वो इमोशन मेरे लिए बहुत बड़ा था।'

**फहाद फासिल का मैसेज आज भी नहीं भूले**

बातचीत के दौरान जब उन कलाकारों का जिक्र आया जिन्होंने 'किल' देखने के बाद उनसे संपर्क किया, तो राघव बिना देर किए फहाद फासिल का नाम लेते हैं। 'बहुत लोगों के मैसेज आए, लेकिन इस वक्त सबसे पहले फहाद भाई का मैसेज याद आता है। उन्होंने लिखा था- 'Hi Raghav... This is Fahadh Faasil... a small time actor.' मैं पढ़कर शॉक्ड रह गया। उन्होंने बताया कि 'किल' में उन्हें मेरा



रिद्म बहुत अच्छा लगा। इतने बड़े एक्टर का इस तरह आपको खुद मैसेज करना... ये सिर्फ एक एक्टर ही दूसरे एक्टर के लिए कर सकता है। वो मेरे लिए बहुत इमोशनल मोमेंट था।'

**'16 साल तक साइड में रहा, लेकिन खुद पर भरोसा नहीं छोड़ा'**

राघव मानते हैं कि उनके करियर की सबसे बड़ी ताकत टैलेंट से पहले आत्मविश्वास रहा। 'यही चीज मुझे मोटिवेट करती रही कि मैं हमेशा अपने ऊपर भरोसा करता रहा। इतने साल साइड में रहा, लेकिन मेरे अंदर से कभी ये चीज नहीं गई कि मुझे यही बनना है। मैं कभी मीडियोकर माइंडसेट में नहीं रहा। 16 साल बहुत लंबा वक्त होता है, लेकिन जब तुम अंदर से सोच लेते हो कि तुम यही हो, तो धीरे-धीरे बाहर भी वही होने लगता है।'

**'रिजेक्शन मिले, फिल्मों से निकाला गया... लेकिन रुकना नहीं सीखा'**

राघव अपने संघर्ष को किसी शिकायत की तरह नहीं, बल्कि सीख की तरह देखते हैं। 'लाइफ में अनफेयर चीजें होती हैं। जिंदगी कोई स्ट्रॉबेरी वर्ल्ड नहीं है। लोग अनफेयर होंगे। लेकिन बैठकर शिकायत करने से कुछ नहीं होगा। मेरे साथ भी बहुत कुछ हुआ। रिजेक्शन मिले, फिल्मों से निकाला गया। किसी एक्टर ने मना कर दिया तो काम चला गया। लेकिन बाद में एहसास हुआ कि ये सब एक बड़ी तस्वीर के छोटे-छोटे डॉट्स थे। जिस फिल्म के लिए मैं परेशान था, वो फिल्म बनी ही नहीं। हर बार उसके बाद कुछ बड़ा मिला। राफ्टिंग में भी रैपिड्स आते हैं, लेकिन अगर नदी पार करनी है तो पैडल मारते रहना पड़ता है। मूव ऑन करना पड़ता है।'

**टीवी छोड़ना सबसे बड़ा दांव था, आज उसी फैसले पर गर्व है**

राघव बताते हैं कि जब उन्होंने टीवी छोड़कर फिल्मों पर दांव लगाया, तब यह फैसला आसान नहीं था। 'जब मैं देहरादून से मुंबई आया था, तब मम्मी-पापा को भी नहीं पता था कि यहां क्या होगा। उस समय उनका सपोर्ट वैसा नहीं था, क्योंकि उन्हें इस दुनिया की समझ नहीं थी। लेकिन बाद में जब मैंने टीवी छोड़ने का रिस्क लिया, तब मैं खुद हैरान था कि वो मेरे साथ खड़े रहे। पैसे भी खत्म होने लगे थे, फिर भी उन्होंने मेरा साथ नहीं छोड़ा। आज वो सबसे ज्यादा खुश हैं। रोज लोगों को बताते हैं कि फिल्म आ रही है। रिश्तेदारों को फोन करके कहते हैं- 'मेरा बेटा बड़े पर्दे पर आ रहा है, टिकट लेकर देखना।' उनके चेहरे की खुशी देखकर लगता है कि 16 साल की मेहनत आखिर रंग ले आई।'

## कला मंथन: शब्दों के माध्यम से उकेरा जाएगा ब्रज का खोया हुआ गौरव

**पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ता बृज भाषा पर होगा गंभीर विमर्श**

- मंच सजेगा, विमर्श होगा—ब्रज के संरक्षण का संकल्प लेंगे कवि
- पाश्चात्य की चकाचौंध में, अपनी जड़ों को ढूंढेंगे कलाकार

टीएनएफ टुडे, आगरा।

साहित्य, संस्कृति और सरोकारों को समर्पित हिंदी दैनिक समाचार पत्र टी एन एफ टुडे की साप्ताहिक संवाद श्रृंखला 'कला मंथन' का तीसरा सत्र अत्यंत विशेष होने जा रहा है। इस बार 'कला मंथन' के मंच पर शब्दों के शिल्पी जुटेंगे और विषय होगा– ₹पाश्चात्य सभ्यता में उजड़ता ब्रज₹। कार्यक्रम का आयोजन सूरकक्ष, के.एम.आई. विद्यापीठ, पालीवाल पार्क परिसर, डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में दोपहर 2:00 बजे से किया जाएगा। के.एम.आई. विद्यापीठ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का संयोजन प्रसिद्ध कवि व ब्रजभाषा काव्य मंच के अध्यक्ष कवि रामेंद्र शर्मा 'रवि' कर रहे हैं। इस सत्र में कवियों की ओजस्वी पंक्तियों के माध्यम से ब्रज की बिगड़ती सांस्कृतिक दशा और पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव पर चिंतन किया जाएगा।

इस आयोजन के संदर्भ संपादक धीरज शर्मा ने कहा है कि टी एन एफ टुडे का ध्येय केवल समाचार देना नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना है। 'कला मंथन' का उद्देश्य ब्रज की उस रचनात्मक ऊर्जा को पुनर्जीवित करना है जो आधुनिकता की अंधी दौड़ में कहीं खो रही है। हमारा मिशन है कि हम साहित्य और कला के माध्यम से समाज को सत्य का दर्पण दिखाएं और अपनी जड़ों की ओर लौटने के लिए प्रेरित करें। इस वैचारिक यात्रा को धरातल पर उतारने में डॉ. भीमराव आंबेडकर




विश्वविद्यालय के के.एम.आई. विद्यापीठ का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। 'ऌठॠऌङ्गं८' प्रबंधन ने विद्यापीठ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके संरक्षण में ब्रज की संस्कृति को वैश्विक मंच मिल रहा है। कार्यक्रम संयोजक कवि रामेंद्र शर्मा 'रवि' ने सभी साहित्य प्रेमियों, प्रबुद्ध जनों और कला के समर्थकों से इस सत्र में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

## जुनून के फ्रेम और पारदर्शिता के लैंस से सबकी निगाह बना प्राइम ऑप्टीकल्स

- नाजुक हैं आंखें तो चश्मा भी हो सुरक्षित, गजेंद्र शर्मा ने इसी सोच के साथ शुरू किया कारोबार
- गुणवत्ता पर फोकस की चर्चा सुन देश-दुनिया की कंपनियों ने प्राइम ऑप्टीकल्स को बनाया अपने व्यापार का जरिया

टीएनएफ टुडे, आगरा।

चश्मा के बाजार में प्राइम ऑप्टीकल्स आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है। करीब 33 साल के सफर में प्राइम ऑप्टीकल्स ने कई पड़ाव पार किए। उतार-चढ़ाव भी आए लेकिन संचालक गजेंद्र शर्मा ने हिम्मत नहीं हारी। अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। जुनून के फ्रेम और पारदर्शिता के लैंस के बूते प्राइम ऑप्टीकल्स आज एक ब्रांड बन गया है। संचालक गजेंद्र शर्मा कहते हैं कि जितनी नाजुक आंखें हैं, उतना ही सुरक्षित चश्मा भी जरूरी है।

**उत्तम उद्यमी**

**33 साल का सफल सफर**

सादाबाद निवासी गजेंद्र शर्मा बताते हैं कि उन्होंने अलीगढ़ से ऑप्टोमेटरी में डिप्लोमा किया। इसके बाद सरकारी नौकरी का प्रयास किया लेकिन, चयन प्रक्रिया के अंतिम दौर तक पहुंचते-पहुंचते कुछ न कुछ बाधा आ जातीं। उस समय जीकेबी ऑप्टिकल और लेंस उद्योग में भारत की अग्रणी कंपनियों में से एक थी। ये आगरा बेस्ड थी। इस कंपनी में कुछ समय नौकरी की लेकिन अंत में सरकारी नौकरी का मोह त्याग अपना व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। करीब 33 साल पहले संजय प्लेस में विकास भवन के सामने एक दुकान में काम शुरू किया। नाम रखा प्राइम ऑप्टीकल्स।




**गुणवत्ता को प्राथमिकता दी**

गजेंद्र शर्मा बताते हैं कि पहले ही दिन से निश्चय कर लिया था कि चश्मा पूरी गुणवत्ता का ही बेचेंगे। इसीलिए, उस समय की ब्रांडेड कंपनियों के ही उत्पाद बेचने शुरू किए। कारोबार में पूरी पारदर्शिता रखी गई। ग्राहकों का सिलसिला शुरू हुआ और हमारी सेवा को सराहना मिलती गई। वे बड़े गर्व से बताते हैं कि आज प्राइम ऑप्टीकल्स के पास देश-दुनिया की ऐसी नामी कोई कंपनी नहीं है जिसके उत्पाद न हों।

**पुराने ग्राहक आज भी जुड़े हैं**

संचालक गजेंद्र शर्मा ने बताया कि हमारी सेवा के प्रति ग्राहकों का विश्वास इतना गहरा है कि वे कहीं भी बस गए हों, या रह रहे हों लेकिन, जब भी चश्मा सही कराना है या नया खरीदना हो तो हमारे पास ही आते हैं। 33 साल पुराने ग्राहक आज भी हमारे यहां ही आते हैं। उन्हें देखकर हमें गर्व होता है।

**एक के साथ एक फ्री स्कीम नुकसानदायक**

प्राइम ऑप्टीकल्स के संचालक गजेंद्र शर्मा ने कहा कि आजकल एक चश्मे के साथ एक चश्मा फ्री का चलन बढ़ गया है। लोग लालच में आ जाते हैं लेकिन, ऐसे चश्मे आंखों के लिए नुकसानदायक होते हैं। सुरक्षित न होने के कारण लैंस आंखों की रोशनी को प्रभावित करते हैं।

नोट- यदि आप भी व्यापार और उद्योग जगत से जुड़े हैं और अपने पुरुषार्थ से समाज और व्यवसाय को एक नई दिशा प्रदान की है तो अपने इस अद्भुत संघर्ष और सफलता की पूरी कहानी हमें 9412359817 पर व्हाट्सअप करें।